


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 290 | ग्वालियर, रविवार 22 नवम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज ट्रैक

### भारती की गिरफ्तारी पर बोले एनसीपी नेता नवाब मलिक, ड्रग्स केस में एनसीबी कर रही है बॉलीवुड स्टार्स की रक्षा



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में ड्रग्स को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का शिकंजा कसता जा रहा है। लगातार छापेमारी कर रहे एनसीबी ने अब कॉमेडियन भारती सिंह के पति हर्ष लिम्बाचिया को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भारती सिंह को कल ही गिरफ्तार किया गया था। ऐसे में महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) उन लोगों को गिरफ्तार कर रही है जो ड्रग्स का सेवन करते हैं। वे नशेड़ी हैं जिन्हें रिहैब के लिए भेजा जाना चाहिए, जेल नहीं। एनसीबी का कर्तव्य ड्रग तस्करों को ट्रैक करना है, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्या ह्ष्ट्ठफिल्म उद्योग से मादक पदार्थों की गिरफ्तारी करके उनकी रक्षा कर रहा है ? हालांकि, एक्सपर्ट की माने तो भारती के घर से जो गांजा बरामद हुआ है उसकी मात्रा बहुत कम है। ऐसे में इसे कमर्शियल में शामिल नहीं किया जा सकता है। कमर्शियल में इसे तब शामिल किया जाता जब गांजा की मात्रा ज्यादा होती कम से 900 ग्राम से अधिक होती या फिर कभी-कभी यह एक किलो ग्राम तक भी माना जाता है। ऐसे में अगर यह मामला कोर्ट में जाता है तो वहां भी कई विकल्प होते हैं। जिसमें एक तो यह होता है कि आप माफी मांग लें और रीहैबिटेशन सेंटर चला जाए या फिर अगर यह लत नहीं छूटती है तो कोर्ट सजा भी सुना सकता है। ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि सिंह के घर से कथित तौर पर बरामद मात्रा कानून के तहत कम मात्रा है। एक हजार ग्राम गांजा तक को छोटी मात्रा माना जाता है और इसके लिए छह महीने तक की जेल या 10000 रुपए का जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। वाणिज्यिक मात्रा (20 किग्रा या इससे अधिक) होने पर 20 साल तक की जेल हो सकती है। इसके बीच की मात्रा के लिए 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। अधिकारी ने बताया, सिंह का नाम एक ड्रग कारोबारी से पूछताछ के दौरान सामने आया था। उन्होंने कहा कि एजेंसी महानगर में दो अन्य स्थानों पर भी तलाशी ले रही है। भारती सिंह टीवी पर कई कॉमेडी और रियलिटी शो में दिखती रही हैं। एनसीबी जून में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड में मादक पदार्थों के कथित उपयोग की जांच कर रही है।

### दूसरे धर्म और जाति में शादी करने वाले जोड़ों को 50 हजार रुपए दे रही उत्तराखंड सरकार

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में जहां लव जिहाद पर सख्त कानून बानने में लगे हैं वहीं, उत्तराखंड में भाजपा की त्रिवेंद्र सरकार ने दूसरे धर्म और जाति में शादी करने वाले जोड़ों को 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशी दे रही है। उत्तराखंड सरकार ये नगद प्रोत्साहन उन सभी जोड़ों को दे रही है जिनकी शादियां वैध रूप से पंजीकृत हैं, ये जानकारी राज्य समाज कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने दी है। इंटर कास्ट मैरिज में 50 हजार की प्रोत्साहन राशि पाने के लिए एक शर्त रखी गई है। इसके तहत पति-पत्नी में से किसी एक का अनुच्छेद 341 में वर्णित अनुसूचित जातियों में से होना चाहिए। टेहरी जिले के सामाजिक कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल ने कहा कि दूसरी जातियों और दूसरे धर्म में शादी करने वालों को दी जाने वाली राशि राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में अहम साबित हो सकती है। एक स्कीम का फायदा उठाने के लिए शादी के एक साल के अंदर आवेदन देना पड़ता है। बता दें कि पहले इस स्कीम के तहत विजातीय और दूसरे धर्म में शादी करने वाले लोगों को 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी। लेकिन 2014 में राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश अंतरजातीय अंतरधार्मिक विवाह प्रोत्साहन नियमावली 1976 में संशोधन करके 10 हजार की रकम को बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया। साल 2000 में जब अलग उत्तराखंड का निर्माण हुआ था तो उत्तराखंड राज्य ने इस कानून को यूपी से लिया था।

### कांग्रेस में कलह के बीच गुलाम नबी आजाद बोले-

## राष्ट्रीय स्तर पर विकल्प बनने के लिए लीडरशिप को करवाना होगा चुनाव

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के साथ तमाम राज्यों के उपचुनाव में कड़ी शिकस्त के बाद कांग्रेस में अंतर्कलह अब खुलकर सामने आ गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने रविवार को कहा है कि पिछले 72 सालों में कांग्रेस सबसे निचले पायदान पर है। यहां तक कि कांग्रेस के पिछले दो कार्यकाल के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी नहीं है। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कांग्रेस ने लद्दाख में हिल काउंसिल चुनाव में 9 सीटें जीतीं, जबकि हम इस तरह के सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं कर रहे थे। पार्टी की स्थितियों पर न्यूज एजेंसी एएनआई से चर्चा करते हुए गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जब तक हम हर स्तर पर अपने कामकाज के तरीकों को नहीं बदलेंगे, चीजें नहीं बदलेंगी। नेतृत्व को पार्टी कार्यकर्ताओं को एक प्रोग्राम देने और पदों के लिए चुनाव कराने की




आवश्यकता है। बिहार चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में नहीं थम रहा घमासान, प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग तेज, कपिल सिब्बल को भी नसीहत उन्होंने आगे कहा कि हमारे लोगों का ब्लॉक स्तर पर, जिला स्तर पर लोगों के साथ कनेक्शन टूट गया है। जब कोई पदाधिकारी हमारी पार्टी में बनता है तो वो लेटर पैड छाप देता है, विजिटिंग कार्ड बना देता है, वो समझता है बस मेरा काम खत्म हो गया, काम तो उस समय से शुरू होना चाहिए। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि मैं कोरोना महामारी के कारण गांधी को क्लीन चिट दे रहा हूं क्योंकि वे अभी बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं। हमारी मांगों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वे हमारी अधिकांश मांगों के लिए सहमत हो गए हैं। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि यदि वे राष्ट्रीय विकल्प बनना चाहते हैं और पार्टी को पुनर्जीवित करना चाहते हैं तो हमारे नेतृत्व को चुनाव करना चाहिए।



### राजस्थान छोड़कर जम्मू-कश्मीर जाना चाहते हैं आईएएस टीना डाबी के पति अतहर, लगाई तबादले की अर्जी

**जयपुर।** यूपीएससी परीक्षा टॉप करने वाली 2015 बैच की आईएएस टीना डाबी से तलाक लेने के लिए जयपुर के फैमिली कोर्ट अर्जी लगाने वाले आईएएस अधिकारी अतहर खान ने जम्मू-कश्मीर में डेपुटेशन पर जाने के लिए आवेदन किया है। उनका आवेदन अभी केंद्रीय गृह मंत्रालय में लंबित पड़ा है। अतहर खान भी 2015 बैच के आईएएस है। आईएएस दंपत्ति के बीच आई दरार को लेकर सोशल मीडिया से लेकर ब्यूरोक्रेसी में कई तरह की कहानियां चल रही हैं। सूत्रों का कहना है कि गृह राज्य जाने के लिए अतहर खान के आवेदन करने के बाद ही दोनों के बीच दरारें और बढ़ गई। दो दिन से टीना डाबी और अतहर खान सुर्खियों में हैं। दो साल पहले जब दोनों ने शादी की थी तब सुर्खियों में थे और अब जब तलाक ले रहे हैं तो भी सुर्खियों में छाए हुए हैं। दिलचस्प यह है कि कई मुस्लिम देशों में दोनों गूगल में सर्च किए जा रहे हैं। शुक्रवार को तो राजस्थान कैडर के ये आईएएस दंपत्ति सोशल मीडिया पर ट्रेंड होते रहे।

**आवास के लिए अलग-अलग आवेदन किए**-हाउसिंग बोर्ड की ओर से आईएएस अफसरों के लिए एक सोसाइटी बनाई गई हैं, जिसमें प्लाट लेने के लिए दोनों ही अफसरों ने अलग-अलग आवेदन किया था। तभी से ही यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है।

**दो दिन पहले ही टीना का हुआ था तबादला, जिस पर लगी रोक**-दो दिन पहले ही टीना डाबी का तबादला श्रीगंगानगर से सचिवालय में वित्त विभाग में हुआ था, जिस पर राज्य निर्वाचन आयोग ने रोक लगा दी है। यह भी चर्चा है कि दोनों के बीच हुए विवाद की शिकायत सरकार तक भी पहले ही पहुंच चुकी थी, जिसके बाद ही दोनों को जुलाई में भीलवाड़ा से तबादला हुआ था।

**अलग-अलग जिलों में किया गया था डेपुटेशन**-सेंट्रल डेपुटेशन पर जाने के लिए 9 साल, किसी दूसरे केंद्र शासित प्रदेश में जाने के लिए 7 साल, जबकि जम्मू-कश्मीर में जाने के लिए केवल 5 साल का ही अनुभव चाहिए। अतहर का 5 साल का अनुभव दिसंबर में पूरा हो जाएगा।

### मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगा एक और लाभ, फीस के लिए बनेगा कोष

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने शनिवार को नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) परीक्षा पास कर निजी मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों में सरकार के 7.5 प्रतिशत आरक्षण के तहत दाखिला लेने वाले सरकारी स्कूलों के छात्रों की फीस के भुगतान के लिए परिक्रामी निधि के गठन का आदेश दिया। परिक्रामी निधि या कोष का संचालन वित्तीय वर्ष की सीमा से इतर लगातार किया जा सकता है। तमिलनाडु चिकित्सा सेवा निगम को इस निधि के लिए निर्देश दिए गए हैं। उससे शिक्षण और छात्रावास शुल्क का भुगतान सीधे संबंधित कॉलेजों को करने को कहा गया है। पलानीस्वामी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा, यह उपाय मेरे द्वारा 18 नवंबर को की गई उस घोषणा को प्रभावी बनाने के लिए है जिसमें मैंने 7.5 प्रतिशत आरक्षण के तहत (स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में) प्रवेश लेने वाले सरकारी स्कूल के सभी छात्रों को मैट्रिक के बाद भी छात्रवृत्ति और अन्य वित्तीय सहायता का जिक्र किया था।

### बिहार: बांका में अतिक्रमण हटाने का दुकानदारों ने किया विरोध

## सड़क पर आगजनी, पूर्व मंत्री के घर पर पथराव

**बांका।** बिहार के बांका में रविवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान जमकर बवाल हुआ। आक्रोशित दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने के विरोध में बीच सड़क पर आगजनी की तथा रोड जाम किया। इसमें कुछ असामाजिक तत्वों ने पूर्व मंत्री सह विधायक रामनारायण मंडल के घर पर भी पथराव किया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंची तथा लोगों को समझाकर शांत कराया।

बताया जाता है कि नगर प्रशासन की ओर से रविवार को शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में सड़क के किनारे लगे दुकानदारों को हटाया जा रहा था।



कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध किया और कुछ देर बाद हंगामा करने लगे। दुकानदारों ने जमकर बवाल काटा तथा सड़क जाम कर आगजनी की। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पूर्व मंत्री रामनारायण मंडल के घर पर भी पथराव किया। एसडीओ ने बताया कि प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रही है। सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का पहले भी नोटिस जा चुका है। जो दुकानदार सड़क किनारे सरकार की जमीन पर अतिक्रमण किए हैं, उनको हटाने के लिए सरकार ने यह अभियान चलाया था, जिसका कुछ लोगों ने विरोध किया है। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रही है।

### भारत की फटकार के बाद भी नहीं सुधर रहा है पाकिस्तान

## लगातार तीसरे दिन एनओसी पर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** आतंकवाद का प्रयाय बन चुका पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह लगातार नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करता है, ताकि आतंकवादियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद मिल सके। लेकिन सीमा पर तैनात भारतीय जवान पाकिस्तान को मंसूबों पर पानी फेर देते हैं। अगर कभी सीमा पर कर आतंकवादी कश्मीर में घुस भी जाते हैं, तो सुरक्षा बलों के द्वारा उन्हें ढेर कर दिया जाता है।

पाकिस्तान ने आज लगातार तीसरे दिन सीमा पर गोलीबारी की है। आज सुबह 11¬15 रजौरी जिला के नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तान ने सीजयफायर का उल्लंन किया। भारतीय सेना ने भी आक्रमक तरीके से जवाबी कार्रवाई की है। आपको बता दें कि शुक्रवार और शनिवार को भी सीमा पार से गोलीबारी की गई



थी।आपको बता दें कि कल ही भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान के वरिष्ठतम राजनयिक को तलब किया और आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर को लेकर रची गई साजिश के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान उच्चायोग में आफताब हसन खान को तलब किया और मांग की कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से सक्रिय आतंकवादियों और आतंकी समूहों का समर्थन करने की नीति से दूर रहे और आतंकवादी संगठनों को हमले के लिए आतंकी संगठनों द्वारा संचालित बुनियादी ढांचे को ध्वस्त कर दे। वहीं, पाकिस्तान ने भी शनिवार को भारतीय उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया और भारत के इस दावे को खारिज कर दिया कि पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद जम्मू कश्मीर में स्थानीय चुनावों से पहले वहां हमलों की साजिश रच रहा है। आपको बता दें कि गुरुवार की सुबह नगरोटा के पास बान टोल प्लाजा पर आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें चार आतंकवादी मारे गए।

## इस हफ्ते से भारत में शुरू होगा रूस के कोविड-19 वैक्सीन स्पुतनिक-वी का मानव परीक्षण

**नइल डदल्ल्फ्ल** देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस की दूसरी और तीसरी लहर आ गई है। वहीं इस महामारी के खिलाफ रूस की वैक्सीन स्पुतनिक-वी का मानव परीक्षण इस हफ्ते के मध्य में भारत में शुरू होने की संभावना है। एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि विशेष रूप से अनिवार्य नियामक अनुमोदन, मानव परीक्षणों के लिए शुरू करने के लिए सभी आवश्यक चीजें तैयार हैं। यह इस सप्ताह शुरू होने की संभावना है।

डॉ. वीके पॉल, सदस्य (स्वास्थ्य), नीति आयोग ने भी पिछले मंगलवार को इसकी पुष्टि की थी। उन्होंने कहा कि चरण द्ध्द्ध और द्धद्धद्ध का एक संयुक्त परीक्षण होगा। हमें दवा नियामकों से अनुमति मिल गई है और परीक्षण अगले सप्ताह तक शुरू हो जाएगा। मॉस्को स्थित गामालेया संस्थान ने स्पुतनिक-वी विकसित किया है। रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) ने



देश में अपने वैक्सीन उम्मीदवार के परीक्षण और वितरण के लिए हैदराबाद में मुख्यालय स्थित एक भारतीय बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के साथ एक समझौता किया था। आरडीआईएफ डॉ. रेड्डी की प्रयोगशालाओं को वैक्सीन की 100 मिलियन खुराक की आपूर्ति करनी है। रूस ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को त्वरित पंजीकरण - आपातकालीन उपयोग सूचीकरण के लिए और अपने टीके उम्मीदवार के प्रीक्वालीफिकेशन के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किया है। डब्लूएचओ दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता का आकलन करने वाली एक वैश्विक पहल है, जो मेडिसिन प्रोग्राम के प्रीक्वालिफिकेशन का प्रबंधन करता है। वहीं मॉडर्ना ने भी वैक्सीन की कीमतों का ऐलान कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, भारत में वैक्सीन की कीमत 1800 से लेकर 2800 रुपए तक होगी। अमेरिकी फार्मा कंपनी ने बताया कि एक खुराक की कीमत के लिए आपको 25 से लेकर 37 डॉलर देने पड़ सकते हैं।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्टर्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


### लव जिहाद के खिलाफ कानून की बात पर भड़के ओवैसी,

## बोले- पहले संविधान पढ़ें, यह धारा-14 और 21 के खिलाफ

> उत्तर प्रदेश के गृह विभाग ने लव जिहाद के खिलाफ प्रस्तावित कानून का मसौदा तैयार कर लिया है। यह मसौदा परीक्षण के लिए विधायी विभाग को भेज दिया गया है। इसे संभवत- अगली कैबिनेट बैठक में पेश किया जा सकता है। विभाग ने कानून का जो मसौदा तैयार किया है उसमें 'लव जिहाद' शब्द का जिक्र नहीं है। इसे गैर कानूनी धर्मांतरण निरोधक बिल कहा जा रहा है।

नई दिल्ली। भारत में इन दिनों लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने की चर्चा काफी हो रही है। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अगले सत्र में कानून को लेकर बिल लाने की बात भी कही थी। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार भी इसके खिलाफ सख्त कदम उठाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बीच एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे संविधान की भावना के खिलाफ बताया है।

ओवैसी ने कहा, इस तरह का कानून संविधान की धारा 14 और 21 के खिलाफ है। स्पेशल मैरिज एक्ट को तब खत्म कर दें। कानून की बात करने से पहले उन्हें संविधान को पढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी युवाओं का ध्यान बेरोजगारी से हटाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

**क्या कहना है मध्य प्रदेश लव जिहाद कानून का ड्राफ्ट**-मध्य प्रदेश सरकार के नए



कानून (मप्र फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट 2020) का ड्रॉफ्ट लगभग तैयार हो गया है। इसमें ताजा मामलों के पकड़े जाने पर पांच साल की सजा का प्रावधान तो है ही, लेकिन ऐसे विवाह यदि हो चुके हैं उन्हें रद्द करने का अधिकार भी फैमिली कोर्ट को दिया जा रहा है, लेकिन इसमें किसी सगे-संबंधी को यह पहले शिकायत करनी होगी कि यह प्रकरण और विवाह लव जिहाद से जुड़ा मसला है। इसके बाद अंतिम निर्णय फैमिली कोर्ट करेगा। फैमिली कोर्ट के फैसले को उच्च अदालत में चुनौती दी जा सकेगी। बताया जा रहा है कि जल्द ही ड्रॉफ्ट को अंतिम रूप देकर विधि विभाग को परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद सीनियर सैक्रेटरी की कमेटी इस पर चर्चा करेगी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। एक्ट में प्रलोभन, बलपूर्वक, फ्रॉड, बहकावे जैसे शब्दों का भी उल्लेख होगा। आपको बता दें कि अभी केन्द्र सरकार ने तो इस मामले में कुछ नहीं कहा है पर भाजपा शासित राज्यों में इसकी शुरुआत हो चुकी है।

# गृह मंत्री को स्वैच्छिक संगठनों/एनजीओ प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपा

**दतिया।** में जमीनी स्तर पर समुदाय के हितों में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं के समूह/ नेटवर्क एनजीओ पाठशाला के साथी संस्थाओं द्वारा माननीय डॉ. नरोत्तम मिश्रा मंत्री गृह, जेल, संसदीय कार्य एव विधि विभाग मध्यप्रदेश शासन को उनके निवास पर दतिया जिले के स्वयंसेवी संगठनों के 25 प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। मध्य प्रदेश शासन के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के पंजीयन शुल्क में वृद्धि संबंधी अधिसूचना क्रमांक एफ-13-18/2020/बी- ग्यारह, दिनांक 03-11 2020 की अधिसूचना को वापस लेने हेतु उक्त ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें ज्ञापनदाताओं द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं/युवा/ महिला मंडलों के पंजीयन शुल्क, संशोधन शुल्क में की गई वृद्धि के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं द्वाराप्रतिवर्ष अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार धारा 27 व 28 की जानकारी में विलंब होने पर शुल्क दोगुनी जमा करनी होती है। जिसे स्थगित करने की मांग की गई ताकि कुछ संस्थाएं जो दोगुनी शुल्क की भरपाई नहीं कर पाती हैं। इन पर रोक लगे ताकि वे अपनी शुल्क जमा कर पुनः गतिशील हो सकेउल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समितियां व स्वैच्छिक संगठन बड़ी संख्या में प्रोत्साहित होकर अभिनव पहल में सम्मिलित हुई। सामाजिक संस्थाओं के द्वारा अपने-अपने स्तर पर कोरोना महामारी में अपने



सामाजिक दायित्व का निर्वहन निष्ठा व योगदान को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी द्वारा सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया था। और इसी दौरान प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग मप्र शासन द्वारा शुल्क बढ़ोतरी करने से संस्थाओं का मनोबल और उनकी लगनशीलता में निराशा उत्पन्न हुई है।अतः ज्ञापन दाता मांग करते हैं कि स्वैच्छिक संगठनों के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए उक्त मांगों को अविलम्ब स्वीकार करते हुए प्रदान किए गए अधिसूचना को रोका जाए। ताकि संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार हो सके और व निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। ज्ञापन प्रदान करने के अवसर पर जिले में संचालित स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों में प्रदीप अग्रवाल पूर्व विधायक सेंवढ़ा व संचालक चेतन जनचेतना एवं मानव संसाधन विकास समिति, रामजीशरण राय, आयुष राय स्वदेश ग्रामोत्थान समिति, सुश्री शाहजहां कुरैशी नाज़ समाजसेवी संस्था दतिया, वैभव खरे श्रीवंशगोपाल लोक कल्याण समिति, देवेंद्र बौद्ध नव सहभागी संस्था, अशोककुमार शाक्य जवाहरलाल नेहरु युवा मंडल, विपुल नीखरा श्रीअवधकिशोर नीखरा संस्था, मुकेश सविता अजय मेमोरियल ट्रस्ट मानसिक एवं दिव्यांग संस्था, अरविंद श्रीवास्तव नेहरु युवा मंडल बरगांय, राजपाल सिंह परमार प्रगति एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी नौनेर, मोनू विरथारिया नेहरू युवा मंडल बुधेढ़ा, गिरधारी संस्था, कुलदीप फाउंडेशन, महिला मंडल ललउआ दीक्षा लिटौरिया, सुनील समाधिया नेहरू युवा मंडल सरसई , चंद्रशेखर तिवारी युवा मंडल सोहन, फुलवारी फाउंडेशन दतिया समाज सेवी संस्था श्वेतांबर पीतांबरा समिति दतिया, आहुति संस्था आदि 25 संस्थाओं के संचालक व प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा ज्ञापन दाताओं को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में सम्मिलित मांगों को शीघ्र निराकरण किया जाएगा और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उक्त जानकारी रामजीशरण राय अभियान सहयोगी द्वारा दी गई।



## दो साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार सिविल लाइन पुलिस की कार्यवाही

**संदीप प्रधान ब्यूरो**

दतिया। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में सिविल लाइन दतिया द्वारा रविवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2019 से ग्राम दुर्गापुर मैं हत्या के मामले का फरार आरोपी गोविंदा जमादार अपने घर पर आया है। सूचना की तस्दीक हेतु सिविल लाइन टीआई ने पुलिस बल के रवाना हुआ आरोपी गोविंदा जमादार पुत्र लल्लू जमादार उम्र 28 साल निवासी ग्राम दुर्गापुर का घर पर मिला जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराय फोर्स के मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया उक्त अपराध में आरोपी की आवश्यकता होने हेतु गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।उक्त आरोपी को गिरफ्तारी मैं टीआई सिविल लाइन रविंद्र गुर्जर,, एएसआई सेवाराम पालिया, आर. अनुरोध, पावन, आर. हेमंत प्रजापति, आर. संजय सिंह यादव, आर. शिवकुमार, आर. चालक राघवेंद्र सिंह गुर्जर एवं नगर रक्षा समिति सदस्य सौरभ की सराहनीय भूमिका रही।

## अम्बाह महाविद्यालय में एनसीसी कैडेटों की भर्ती...

**केशब पडिंत जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,अम्बाह में दिनांक 21 नवंबर 2020, शनिवार को एनसीसी इकाई द्वारा प्रथम वर्ष में कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई ।यह भर्ती प्रक्रिया कोविड-19 के दिशा निर्देश अनुसार अपरान्ह 2-00 बजे से प्रारंभ हुई कोविड-19 के दिशा निर्देशो के पालन करते हुये सभी विद्यार्थियों को सोशल डिस्टेंसिंग के अनुसार खड़ा किया गया तथा सैनिटाइज करते हुए उन का तापमान लिया गया। इस भर्ती में उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया जो विद्यार्थी मास्क लगाकर आए थे। इस भर्ती प्रक्रिया का आयोजन 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी-- भिंड के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा एवं एडम अधिकारी कर्नल सुमित पंत के निर्देशन में किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवराज सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को निष्ठावान और समर्पण भाव जागृत करने की आवश्यकता को बताते हुए विद्यार्थियों को महाविद्यालय से जुड़ने को आवश्यक बताया । मेजर वीके जैन ने विद्यार्थियों को एनसीसी



समस्त विद्यार्थियों को कोरोना काल में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु ऑनलाइन क्लासों के महत्व को बताते हुए इससे जुड़ने की उपयोगिता को बताया प्राचार्य डॉ तोमर ने एनसीसी संगठन के प्रति में होने वाली एक्टिविटीज को विस्तार से बताते हुए सभी छात्रों को इसमें भाग लेने की आवश्यकता को बताया और एनसीसी से होने वाले लाभ को भी समझाया। मेजर वीके जैन और कैप्टन मनोज शर्मा ने सीनियर डिवीजन छात्र तथा लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने सीनियर डिवीजन छात्राओं की भर्ती के दौरान विद्यार्थियों की लंबाई ,वजन, ब्लड ग्रुप आदि जानकारियों को प्राप्त किया ।30 मध्यप्रदेश बटालियन --भिंड से सूबेदार राजेंद्र चौधरी, हवलदार मोहन सिंह एवं हवलदार प्रकाश राम के निर्देशन में विद्यार्थियों का सीट अप, पुशअप ,दौड़ कदमताल आदि शारीरिक प्रशिक्षण द्वारा चयन किया गया इस भर्ती में अंडर ऑफिसर संजय, अंडर ऑफिसर दिवाकर शर्मा ,कैडेट रामू सिंह तोमर ,सूरज प्रजापति, नितिन तोमर तथा सीनियर छात्रा कैडेट्स भी उपस्थित रहे।




## राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों के राजतिलक का फैसला होगा




**पाली.** नेनाराम सीरवी. राजस्थान पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2020 जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान आज होगा. रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 राजनीतिक दलों के प्रत्याशी संतोष कवर राजपुरोहित भाजपा प्रत्याशी चंपा कवर राजपुरोहित कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम कंवर राणावत निर्दलीय प्रत्याशी सुनीता कंवर राजपुरोहित निर्दलीय प्रत्याशियों के राजतिलक के भाग्य का फैसला आज होगा. रानी पंचायत समिति आम चुनाव 2020 के लिए मुख्य चर्चा का विषय बना वार्ड संख्या 2. जिसमें टिकट बंटवारे को लेकर चल रही नाराजगी के कारण यहां पर दो निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के बीच मुख्य चर्चा का विषय बने निर्दलीय प्रत्याशी. रानी पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत.चाचोडी. रानी पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना जिसमें संपूर्ण प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मुख्य गांव का मुख्य चौराया गांधी चौक करेगा. राजस्थान पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव 2020 के लिए टिकट बंटवारे को लेकर चल रही नाराजगी के कारण कई वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशियों द्वारा राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के राजतिलक के दांव पर संकट खड़ा किया. इनके साथ साथ जिला परिषद वार्ड संख्या 17 कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी गवरी देवी चौधरी भाजपा के प्रत्याशी दुर्गा सीरवी के भाग्य का फैसला आज होगा . रानी पंचायत समिति में आज कई प्रत्याशियों के राजतिलक के भाग्य का फैसला आम मतदाता करेंगे।

## तीन गायों की अज्ञात कारणों के चलते मौत

दबोह(अर्पित गुप्ता)



नगर में तीन गायों की मौत की हृदय विदारक घटना घटित होने का मामला सामने आया है मृतक पड़ी गायों की स्थिति देखकर करंट लगने या विषैली खाद्य सामग्री खाने के वजह से मौत की संभावना नजर आती है।तीन गायों की एक साथ मौत होना एक बड़ी दुखद घटना है जिसके चलते गौरक्षा संगठन के प्रभारी ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उक्त तीनों मृतक गायों का वैधानिक तरीके से पोस्टमार्टम करवाया जाए व मौत के कारणों की जानकारी सार्वजनिक कर 3 गौ माता के हत्या के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।राष्ट्रपति महोदय द्वारा सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता संतोष चौहान ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन तीन गायों की दुखद घटना को गंभीरता से लेकर कार्रवाई नहीं करेगा तो गौ रक्षा संगठन द्वारा तीन गायों के दुखद मामले की अनदेखी करने वाले प्रशासन के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा।

## दबोह में नहीं दिख रही मास्क लगाने पर सख्ती

**प्रशासन को होना होगा सख्त तभी होगा नियमो का पालन**

दबोह(अर्पित गुप्ता)




कोरोना महामारी जहां एक ओर व्यापक स्तर पर पैर पसार रही है और शासन मास्क लगाने पर जितनी सख्ती कर रहा है वह प्रदेश मे लगभग सभी जगह देखने को मिल रही है मगर दबोह में मास्क न लगाने वालों पर सख्ती से कार्यवाही होती दूर दूर तक नजर नहीं आती।यहां प्रशासन और पुलिस दोनों ही मास्क को लेकर शिथिल ही नजर आ रहे हैं।मुख्यमंत्री महोदय मास्क को लेकर सख्ती से कार्यवाही करने के आदेश तो दे रहे हैं मगर वह आदेश यहां आकर एक ठण्डे बस्ते में चले जाते हैं।नगर में बकरीदन मार्किट,बस स्टैंड,कोंच रोड,गल्लामंडी के पास व कई ऐसी अन्य जगह हैं जहां पूरे दिन लोगों का जमाबाड़ा लगा रहता है जहां कोई मास्क लगाये नजर नहीं आता और पुलिस भी वहीं से गुजर जाती है मगर पता नहीं क्यों बिना मास्क वालों पर कार्यवाही से परहेज करती है।



## विकलांग बल मध्यप्रदेश के निर्देशन में जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई

**विनोद पाठक ब्यूरो**

**श्योपुर /** मुख्यालय पर विकलांग बल मध्यप्रदेश के निर्देशन में जिला स्तरीय बैठक हजारेश्वर उद्यान श्योपुर में समय 12-30 पर आयोजित की गई उक्त बैठक की अध्यक्षता विकलांग बल मध्यप्रदेश श्योपुर के जिलाध्यक्ष विनोद पाठक के द्वारा की गई उक्त बैठक में संगठन के कार्यविधि एवं आने वाले कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही आगामी दिवस में विकलांग बल मध्यप्रदेश के दिशा निर्देशानुसार विकलांग बल मध्यप्रदेश श्योपुर के नेतृत्व में 30 नवम्बर को विकलांगों के मसीहा बच्चू सिंह जी का जन्मदिन बनाने के साथ साथ श्योपुर विकलांगों द्वारा जिला चिकित्सालय में फल वितरण का कार्यक्रम एवं सांय कालीन जयस्तंभ चौक पर विकलांगों के मसीहा बच्चू सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी इसके पश्चात 3 दिसंबर को विकलांग दिवस का श्योपुर विकलांगों द्वारा पूर्ण सम्मान बहिष्कार किया जायेगा विकलांगों को रोजगार न दिए जाने पर रोजगार नही तो सम्मान नही के तहत विकलांग दिवस पर सम्मान बहिष्कार किया जायेगा एवं आगामी समय में होने वाले नगरपालिका के चुनाव में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी द्वारा श्योपुर के सभी वार्डो से विकलांग उम्मीदवार को पार्षद पद हेतु चुनाव लड़वाया जायेगा उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्व सम्मति से ठहराव कर पास किया गया की वार्ड क्रमांक 7 से विकलांग सोनू गोयल एवं वार्ड क्रमांक 23 से नुरुल हशन हाशमी अपनी दावेदारी पेश करेंगे इसी के साथ जिलाध्यक्ष विनोद पाठक ने बताया की विकलांगों को विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए जिलाचिकित्सालय में डॉक्टर द्वारा विकलांग भाई बहनों से चक्कर लगवाते है ऐसे में विकलांग भाई बहनों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिलाधिकारी से मिलकर इस समस्या का जल्द ही समाधान करा दिया जायेगा! उक्त बैठक में विकलांग बल मध्यप्रदेश श्योपुर के जिलाउपाध्यक्ष अफसार अहमद, जिलाकोषाध्यक्ष सोनू गोयल, जिलासहसचिव संजय वर्मा, जिलासलाहकार देवेंद्र शर्मा, एवं मुकेश मीणा, सीताराम प्रजापति, भोला लोधा, श्रीमती मोहिनी प्रजापति, किशन खंडेलवाल, नुरुल हशन हाशमी मोहसिन खान, कामिल खान, बबलू बंजारा आदि उपस्थित रहे!!

## शासकीय आम रास्ते पर दबंगों ने किया अतिक्रमण, गाँव का आम रास्ता हुआ पानी से लबालब

**(अर्पित गुप्ता)**

**दबोह।** वैसे तो अंचल के ग्रामो में विकास सिर्फ कागजी दिखता है क्योंकि यहां धरातल पर स्तिथि कुछ अलग ही होती है।और फिर जब गांव के जिम्मेदार मुखिया जिन्हें ग्रामवासियों ने अपना अमूल्य मत देने के बाद चुना वह भी गांव की समस्याओ से मुँह मोड़ ले तो गांव का विकास मुश्किल है।दरअसल मामला दबोह क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ेगावँ का है जहां पर दबंगो के द्वारा आम रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया जिसकी वजह से नालियों का पूरा पानी सड़क पर आ गया और सड़क पानी से लबालब हो गई।यहां बता दें



कि ग्राम पंचायत बड़ेगांव में दलित बस्ती में शासकीय आम रास्ते पर दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया है जिससे पानी की निकासी होने में समस्या आ रही है जिसकी वजह से आम रास्ते में पानी भर गया है और जिससे रास्ते से ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है।साथ ही यहां बता दें कि ग्रामीणों ने इस शिकायत को स्थानीय प्रशासन को भी अवगत कराया परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई इसके बाद इस संबंध में ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की परन्तु वहां भी कोई सुनवाई नही हुई।तो वहीं गाँव के मुखिया सरपंच से भी लोगो ने शिकायत की पर उन्होंने भी समस्या से अपना मुंह फेर लिया और गाँव की इस दुर्दशा को सुधारने की सुध भी न ली।शिकायत करने वालो में मुख्य रूप से नंदराम, परशुराम, सोनू भदौरिया, सुरेश, राकेश कुमार आदि ग्रामवासी शामिल है।।

# मा. उप मुख्यमंत्री ने किया 7605 लाख की लागत की 37 परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण

## मा. उप मुख्यमंत्री ने डा. महादीपक सिंह शाक्य पूर्व सांसद के शांति पाठ में सम्मिलित होकर दी श्रद्धांजलि

**एटा।** प्रदेश के मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रविवार को अपरान्ह में 12.10 बजे अलीगंज के डीएवी इण्टर कॉलेज मैंदान में हेलीकॉप्टर द्वारा



पहुचे। हेलीपैड पर डीएम सुखलाल भारती, एसएसपी सुनील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव, क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री जी का जोरदार स्वागत किया। तदोपरान्त उप मुख्यमंत्री जी विद्यादीप मार्केट सराय रोड अलीगंज में डा0 महादीपक सिंह शाक्य पूर्व सांसद जी के स्वर्गवास के उपरान्त आयोजित शांति पाठ में सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री जी का अपरान्ह में पुलिस लाईन हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर द्वारा उतरने के उपरान्त सांसद राजवीर सिंह राजू भईया, क्षेत्रीय विधायकगणों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरान्त उप मुख्यमंत्री जी ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचकर 6324 लाख की लागत की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 1280 लाख की लागत की 09 परियोजनाओं का जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बटन दबाकर लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनसामान्य को शासन की मंशानुरूप सुविधाएं दिलाई जाएं, साथ ही केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह राजू भईया, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व मंत्री अवधपाल सिंह यादव, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, जलेसर विधायक संजीव कुमार दिवाकर, कासगंज विधायक देवेन्द्र सिंह राजपूत, अमांपुर विधायक देवेन्द्र प्रताप सिंह, पटियाली विधायक ममतेश शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, डीएम सुखलाल भारती, एसएसपी सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, एएसपी ओपी सिंह, एएसपी राहुल कुमार, एसडीएम एसपी वर्मा, राजीव पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## वर्ल्ड डायबिटीज डे पर लायंस क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**मुरैना।** लायंस क्लब मुरैना वेस्ट ने आज 22 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे के अवसर पर वृद्ध आश्रम में एक डायबिटीज कैंप आयोजित किया, जिसमें सभी वृद्धजनों का और वहां उपस्थित सभी मेंबर और आमजनों का ऑक्सीजन लेवल ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच की। लायंस क्लब मुरैना वेस्ट द्वारा आयोजित डायबिटीज कैंप में करीबन डेढ़ सैकड़ा लोगों ने लाभ लिया। केम्प समापन के अवसर पर लायंस क्लब द्वारा वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों को फल वितरित किए गए।

## भागवत कथा में धूमधाम से हुआ रुक्मणि विवाह

**ठाकुरदास लोधी**



**पिछोर।** पिछोर के ग्राम धौर्रा में चल रही श्री मद्भावत कथा में छठे दिन श्री कृष्ण और रुक्मणि का विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विवाह उत्सव के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों के दौरान श्रद्धालु अपने आप को रोक नहीं पाए और जमकर नाचे। कथा व्यास राधिका शास्त्री ने कहा कि रुक्मणि भगवान की माया के समान थीं, रुक्मणि ने मन ही मन यह निश्चित कर लिया था कि भगवान श्री कृष्ण ही मेरे लिए योग्य पति हैं लेकिन रुक्मिणी का भाई रूकमी श्रीकृष्ण से द्वेष रखता था इससे उसने उस विवाह को रोक कर,शिशुपाल को रुक्मिणी का पति बनाने का निश्चय किया,इससे रुक्मिणी को दुःख हुआ। उन्होंने अपने एक विश्वासपात्र को भगवान श्री कृष्ण के पास भेजा साथ ही अपने आने का प्रयोजन बताया। इसके बाद श्री कृष्ण जी विदर्भ जा पहुंचे। उधर रुक्मणी का शिशुपाल के साथ विवाह की तैयारी हो रही थी। परंतु उनकी प्रार्थना का असर हुआ और श्री कृष्ण का विवाह रुक्मणी के साथ हुआ। कथा सुनने आए सैकड़ों श्रद्धालुओं भगवान श्री कृष्ण व रुक्मणी जी की झांकी के दर्शन किये कथा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



# सीएम शिवराज सिंह चौहान की पहली गौ-कैबिनेट की बैठक शुरू, काऊ सेस लगाने पर विचार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की पहली गौ कैबिनेट की बैठक शुरू हो चुकी है। सीएम शिवराज सिंह चौहान इसे वर्चुअली संबोधित कर रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री सालरिया स्थित गौ-अभयारण्य में सभा को भी संबोधित कर सकते हैं। पहले गौ-कैबिनेट की बैठक गौ-अभयारण्य में ही होना थी, लेकिन इसका स्थान परिवर्तन हो गया है। इससे पहले, सीएम शिवराज ने तिरुपति से ट्वीट कर कहा था कि कैबिनेट की पहली बैठक गौ-अभयारण्य में होगी। शिवराज सरकार गौ संरक्षण के लिए गाय टैक्स (काऊ सेस) लगाने पर भी विचार कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके संकेत दिए हैं।

बता दें कि इसी तरह का टैक्स लगाने का मसौदा कमलनाथ सरकार में भी अफसरों ने तैयार किया था। शिवराज सरकार भी ऐसे ही विकल्पों के जरिए गायों के भरण-पोषण की तैयारी कर रही है। अंतर सिर्फ इतना है कि कमलनाथ सरकार महंगी कारों, स्टाम्प ड्यूटी और टोल प्लाजा की फीस बढ़ाकर गौ-शालाओं का निर्माण करना चाहती थी, लेकिन शिवराज सरकार गायों के चारे-भूसे की स्थाई व्यवस्था करने के लिए रजिस्ट्री, वाहन और शराब पर सेस लगाने के विकल्पों पर विचार कर रही है।



**दूसरे राज्यों के बड़े संचालकों को बुलाया गया**-पशुपालन मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि आगर के गौ अभयारण्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रविवार दोपहर 1 बजे पहुंचेंगे। इस अवसर पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान के गौशालाओं के संचालकों व बड़ी संस्थाओं के संचालकों को बुलाया गया है। वे बताएंगे कि गौ शालाओं को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए।

राज्य में करीब 1500 गौ शालाएं प्रदेश में करीब 1500 गौ-शालाएं हैं, जिनमें 1.80 लाख गायों को रखा गया है। पिछली कमलनाथ सरकार ने बजट में प्रति गाय 20 रुपए का आवंटन किया था। पिछले वित्तीय वर्ष में पशुपालन विभाग का बजट 132 करोड़ रुपए रखा था, जबकि 2020-21 में तो यह सीधे 11 करोड़ रुपए हो गया, यानी लगभग 90 फीसदी की कटौती कर दी गई।

# गाय का दूध अमृत है यह मैं नहीं विज्ञान भी कहते हैः शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर अपने घर पर गौ-पूजा की। उन्होंने कहा कि गाय हमारी श्रद्धा और आस्था का केंद्र हैं। अगर कुपोषण को दूर करना है तो गाय का दूध अमृत का काम करता है। हमने अति कुपोषित बच्चों को गाय का दूध देने की व्यवस्था की है। गाय का दूध अमृत है ये मैं नहीं विज्ञान भी कहते है। आपको बता दें कि रविवार को मध्य प्रदेश की पहली गौ कैबिनेट की बैठक भी होनी है। इस बैठक में सीएम शिवराज सिंह चौहान वर्चुअली संबोधित करेंगे।

इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री आगर जाएंगे, जहां वे सालरिया स्थित गौ-अभयारण्य में सभा को संबोधित करेंगे। पहले गौ-कैबिनेट की बैठक गौ-अभयारण्य में ही होना थी, लेकिन इसका स्थान परिवर्तन हो गया है। इससे पहले, सीएम शिवराज ने तिरुपति से ट्वीट कर कहा था कि कैबिनेट की पहली बैठक गौ-अभयारण्य में होगी। शिवराज सरकार गौ संरक्षण के लिए गाय टैक्स (काऊ सेस) लगाने पर भी विचार कर रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके संकेत दिए हैं। बता दें कि इसी तरह का टैक्स लगाने का मसौदा कमलनाथ सरकार में भी अफसरों ने तैयार किया था। शिवराज सरकार भी ऐसे ही विकल्पों के जरिए गायों के भरण-पोषण की तैयारी कर रही है। अंतर सिर्फ इतना है कि कमलनाथ सरकार महंगी कारों, स्टाम्प ड्यूटी और टोल प्लाजा की फीस बढ़ाकर गौ-शालाओं का निर्माण करना चाहती थी, लेकिन शिवराज सरकार गायों के चारे-भूसे की स्थाई व्यवस्था करने के लिए रजिस्ट्री, वाहन और शराब पर सेस लगाने के विकल्पों पर विचार कर रही है।

## दूसरे राज्यों के बड़े संचालकों को बुलाया गया

पशुपालन मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि आगर के गौ अभयारण्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रविवार दोपहर 1 बजे पहुंचेंगे। इस अवसर पर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान के गौशालाओं के संचालकों व बड़ी संस्थाओं के संचालकों को बुलाया गया है। वे बताएंगे कि गौ शालाओं को कैसे आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है और सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए।

## राज्य में करीब 1500 गौ शालाएं

प्रदेश में करीब 1500 गौ-शालाएं हैं, जिनमें 1.80 लाख गायों को रखा गया है। पिछली कमलनाथ सरकार ने बजट में प्रति गाय 20 रुपए का आवंटन किया था। पिछले वित्तीय वर्ष में पशुपालन विभाग का बजट 132 करोड़ रुपए रखा था, जबकि 2020-21 में तो यह सीधे 11 करोड़ रुपए हो गया, यानी लगभग 90 फीसदी की कटौती कर दी गई।

## दिल्ली से बहराइच जा रही बस अनियंत्रित होकर पलटी, 20 यात्री घायल, 8 की हालत गंभीर

**उन्नाव।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शनिवार की देर रात दिल्ली से बहराइच जा रही एक डबल डेकर बस अनियन्त्रित होकर पलट गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव के पास हुए इस हादसे में बस में सवार दो दर्जन यात्री जख्मी हो गए। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में आधा दर्जन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। एक निजी कंपनी की एक डबल डेकर बस लगभग 80 सवारियां लेकर दिल्ली से बहराइच जा रही थी। भोर पहर करीब 2ः30 बजे बांगरमऊ क्षेत्र के एक्सप्रेसवे मार्ग पर किलोमीटर संख्या 227 गाँव सिरधरपुर के निकट चालक को झपकी आ जाने के चलते वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस घटना में सवार 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर यूपीडा कर्मियों के सहयोग से एम्बुलेंस द्वारा बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करवाया गया। जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में जमुना प्रसाद, रजनी, अंस आदि सहित करीब 6 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है **हादसे के बाद मची चीख पुकार**-घटना के समय सभी सवारियों में चीखपुकार मच गई तथा लोग अपने अपने साथियों के साथ अप्रिय घटना को लेकर एक दूसरे से मिलने की जल्दबाजी में देखे गए।

# 2 से 3 हजार लोगों पर होगा कोरोना वैक्सीन का ट्रायल, अगले सप्ताह से दिए जाएंगे डोज

## बच्चे और गर्भवती महिलाएं ट्रायल में शामिल नहीं होगी

क्लीनिकल ट्रायल में 18 साल से कम उम्र का कोई भी बच्चा, किशोर, किशोरी शामिल नहीं होगी। इसके अलावा इस प्रोजेक्ट में गर्भवती महिलाएं भी बतौर वालेंटियर वैक्सीन नहीं लगवा सकेंगी। ये प्रावधान सीटीआरआई में भारत बायोटैक इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा सबमिट की गई क्लीनिकल ट्रायल स्टडी प्रोजेक्ट रिपोर्ट में किए गए हैं।

**स्वस्थ व्यक्ति ही लगवा सकेंगे क्लीनिकल ट्रायल प्रोजेक्ट में वैक्सीन**-क्लीनिकल ट्रायल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार कोवैक्सीन 18 साल से 99 साल तक के स्वस्थ महिला अथवा पुरुष को उसकी सहमति लेकर लगाई जाएगी। इससे पहले क्लीनिकल ट्रायल में शामिल होने की अनुमति देने वाले महिला, पुरुष की मेडिकल जांच की जाएगी।

**इन शहरों के अस्पतालों में होगा कोवैक्सीन का क्लीनिकल ट्रायल**-भोपाल (मध्यप्रदेश), अहमदाबाद (गुजरात), कांचीपुरम, चेन्नई (तमिलनाडु), जाजपुर (ओडिशा), कामरूप (असम), मुंबई , नागपुर (महाराष्ट्र), हैदराबाद (तेलंगाना), एम्स (दिल्ली), फरीदाबाद, रोहतक (हरियाणा), पटना (बिहार), पुडुचेरी, बेंगलुरू (कर्नाटक), विशाखापट्?टनम, गुंटूर (आंध्रप्रदेश), गोवा, अलीगढ़ (उत्तरप्रदेश), कोलकाता (बंगाल)।

**30 फीसदी वालेंटियर बीपी, डायबिटीज पीड़ित होंगे**-क्लीनिकल ट्रायल स्टडी में 30 प्रतिशत ऐसे वालेंटियर को वैक्सीन लगाई जाएगी, जो बीपी, डायबिटीज से पीड़ित हैं। लेकिन, दवाओं से उनकी बीमारी की स्थिति नियंत्रण में हैं। ट्रायल में इस श्रेणी के 30 प्रतिशत वालेंटियर रखने की वजह कोविड मरीजों में बड़ी संख्या में कोमोर्बेडिटी का मिलना है। टीकाकरण के बाद होगी इम्युनोजैनिसिटी जांच टीकाकरण के बाद वालेंटियर की इम्युनोजैनिसिटी जांच की जाएगी। इस जांच में टीकाकरण के बाद संबंधित व्यक्ति के इम्यून सिस्टम में हुए बदलावों का अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक वालेंटियर का टीकाकरण के बाद एंटी बॉडी टेस्ट एक निश्चित समयांतराल के बाद किया जाएगा। ताकि संबंधित में टीकीकरण के बाद एंटी बॉडी बनने के लेवल को जांचा जा सके। दूसरे डोज की शर्त के अनुसार महिला तीन महीने प्रेग्नेंट नहीं हो सकेगी।

**भोपाल।** कोरोना की कोवैक्सीन का तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल शुरू होने वाला है। देशभर में इस वैक्सीन के तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल 23 संस्थानों में 28500 लोगों पर होगा। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और क्लीनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया द्वारा मंजूरी दिए गए इन 23 संस्थानों में भोपाल के हमीदिया और एक निजी अस्पताल का भी नाम है। गांधी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हमीदिया अस्पताल और एक निजी अस्पताल में अगले हफ्ते 2 से 3 हजार लोगों पर कोरोना की कोवैक्सीन का तीसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल होगा। सीटीआरआई (क्लीनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया) से भारत बायोटैक इंटरनेशनल लिमिटेड और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की कोवैक्सीन का पहले और दूसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल पूरा हो चुका है। यह ट्रायल 1100 लोगों पर हुआ था। पहले चरण के ट्रायल में वैक्सीन का डोज और दूसरे चरण के ट्रायल में उसकी प्रभावशीलता को जांचा गया है। शुरूआती दोनों फेज के ट्रायल में कोवैक्सीन के विपरीत प्रभाव (एडवर्स इफेक्ट) ट्रायल में शामिल वालेंटियर में देखने को नहीं मिले हैं। तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल में शामिल प्रत्येक वालेंटियर को कोवैक्सीन के दो डोज लगाए जाएंगे। प्रत्येक डोज 0.5 एमएल का होगा। ट्रायल में शामिल व्यक्ति को कोवैक्सीन का पहला डोज दिए जाने के 28वें दिन दूसरा डोज दिया जाएगा। ट्रायल में शामिल वालेंटियर की सेहत की जांच टीका लगाए जाने के बाद 7 से 15 दिन के अंतराल में अगले तीन महीने तक की जाएगी। लेकिन, टीका लगाने से पहले संबंधित वालेंटियर का आरटीपीसीआर तकनीक से कोविड टेस्ट और एंटी बॉडी टेस्ट भी कराया जाएगा। क्लीनिकल ट्रायल प्रोजेक्ट में शामिल एक संस्थान के इन्वेस्टिगेटर ने बताया कि ट्रायल में शामिल कोई भी महिला कोवैक्सीन का पहला डोज लेने के बाद अगले तीन महीने तक गर्भधारण नहीं करेगी। इसकी लिखित सहमति संबंधित महिला को ट्रायल प्रोजेक्ट के अनुबंध-पत्र में देनी होगी। इसी तरह इन्वेस्टिगेटर के अनुसार वैक्सीन का पहले डोज के बाद अगर कोई महिला वालेंटियर प्रेग्नेंट होगी तो उसे वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगाया जाएगा लेकिन महिला की सेहत में होने वाले सभी बदलावों की निगरानी की जाएगी।





# साहित्य की दिशा दहानू साहित्य दीपोत्सव में प्रकाशित हुई

**के. रवि (दादा)**

महाराष्ट्र कोंकण मराठी साहित्य परिषद, ड और नर्मदा प्रकाशन द्वारा आयोजित डहानू दिवाली लिटरेरी फेस्टिवल में कवि प्रताप राठौड़ द्वारा कविताओं के पहले संग्रह का प्रकाशन और विजेता कॉलेज और माध्यमिक विद्यालय विजेता प्रतियोगियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह डॉ. किरन सावे, सोनोपंत दांडेकर कॉलेज की प्रिंसिपल, केदार काले, पालघर संस्कृत मित्र मंडल के अध्यक्ष, बाबाराव भरक्षे, कोमसाप पालघर जिला अध्यक्ष प्रवीण ना.दवने, कोमसाप डहानू शाखा अध्यक्ष प्रेमनाथ राऊत आदि मौजूद थे. कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ . अंजलि मस्करन्हेस, कार्यवाहक वीणा माच्छी, कोषाध्यक्ष रमेश तांडेल और नर्मदा प्रकाशन प्रकाशक की लीना देवने एवं कार्यकारी सदस्य, सदस्य और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे . जिनका रजनी ताजने ने आभार व्यक्त किया उस तरह की साहित्य दिशा साहित्य प्रेमियों के लिए एक तरह की ज्ञान दान का संदेश हीं है . मुंबई महाराष्ट्र में दीवाली विशेषांकों की हर साल भरमार लगी रहती हैं . जो इस साल कोरोना संकट के कारण छोटे तबके के मीडिया कर्मियों के लिए बहुत कठिन हुआ है . क्यों कि इस तरह के विशेषांक को हर साल सरकार के साथ साथ कई उद्यमियों की विज्ञापने प्राप्त होती है, जों इस साल ना के बराबर हैं , ऐसे अवस्था में भी साहित्य दिपोस्तव का एवम् कविताओं की यह एक मेजवानी हीं कही जाएंगी, जिसका लाभ युवाओं ने उठाना चाहिए .

## यूट्रस का ऑपरेशन बीच में छोड़कर भागीं डॉक्टर, ओटी टेबल पर तड़पती रही मरीज

**कानपुर।** कानपुर में कल्याणपुर के काशी अस्पताल में सीएमओ की छापेमारी के चलते ऑपरेशन कर रही डॉक्टर मरीज को ओटी टेबल पर छोड़कर पीछे के रास्ते से निकल गई। मरीज अर्द्धबेहोशी की हालत में थी। ऑपरेशन में लगी दोनों डॉक्टरों में एक गायनी सर्जन तो दूसरी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ थी। बाद में सीएमओ ने दोनों को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही लापरवाही पर एफआईआर दर्ज करने और एमसीआई को पत्र भेजने की बात कही है। काशी अस्पताल कल्याणपुर में देर रात ओटी में एक महिला के यूट्रस का ऑपरेशन चल रहा था। सीएमओ की छापेमारी से अस्पताल में अफरातफरी मच गई। डॉक्टर बिना मरीज को पैक किए ओटी में छोड़कर चली गई। मरीज को कमर के नीचे बेहोशी भी दी गई थी। सीएमओ ने ओटी खुलवाकर देखा तो एक पुरुष कर्मचारी था जो प्रशिक्षित भी नहीं था। उसी ने जैसे तैसे पैंकग की थी। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने वहीं से डॉक्टर को फोन लगाया तो डॉक्टर ने बताया कि वह स्वरूप नगर पहुंच गई हैं। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पुलिस भेजने की बात की तो वह अस्पताल पहुंची। और मरीज को संभाला। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार मिश्र के मुताबिक मरीज को ब्लींडग हो सकती थी।

# जांबाज आईपीएस अफसर डी . रूपा मुदगल से भी अब पंगा लिया कंगना राणावत ने

**के.रवि (दादा)**

खमखां के बखेड़े खड़ी करनेवाली अभिनेत्री कंगना राणावत ने पूर्व भाजपा की मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने वाली महिला आईपीएस अधिकारी के साथ अब बिना वजह पंगा लिया है . ब्लास्टिंग महिला आईपीएस अधिकारी डी . रूपा मुदगल जी अब एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं. दिवाली के पटाखों पर उनके द्वारा दिए गए एक बयान ने विवाद को जन्म दिया है. अभिनेत्री कंगना राणावत ने भी अब इसमें कूद गई . कंगना डी. रूपा ने पुलिस विभाग पर एक दाग लगाने की बात कहते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की है. डी. रूपा अपने धाकड़ एक्शन के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं. आइए जानें इस धाकड़ महिला अधिकारी के बारे में डी . रूपा मूलतः कर्नाटक के दावणगेरे की रहने वाली हैं . उन्होंने कर्नाटक से अपनी शिक्षा पूरी की और यूपीएसई की तैयारी शुरू की .



वर्ष 2000 में, डी . रूपा ने भारतीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें आईपीएस क्षेत्र के लिए चुना गया . उन्हें केवल कर्नाटक कैडर मिला क्योंकि उन्हें प्रशिक्षण में अच्छी रैंक मिली . डी . रूपा की छोटी बहन एक आईआरएस अधिकारी है . वर्ष 2003 में, डी . रूपा ने मुनीश मुदगल से शादी की . मुनीश मुदगल भी एक आईएएस अधिकारी हैं . उनके अनागा और रोशिल हैं नामक दो बच्चे भी हैं . जब भाजपा नेता उमा भारती मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं, तब डी . रूपा ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था . क्यों कि उमा भारती को अदालत ने 1994 के हुबली दंगों में दोषी ठहराया था . जब डी . रूपा के नेतृत्व में कर्नाटक पुलिस की एक टीम ने उमा भारती के खिलाफ कार्रवाई की थी . यह वही डी . रूपा ही थीं जिन्होंने जेल में शशिकला को मिलने वाली वीआईपी सेवा का खुलासा किया था . उस समय, शशिकला की समस्याएं उस कार्रवाई से बढ़ी थीं . डी . रूपा ने अपने 20 साल के कार्यकाल में 40 से अधिक स्थानांतरण किए हैं . इन बदलावों के पीछे मुख्य कारण राजनेताओं के साथ उनका उलझाव है . डी . रूपा ने अपने 20 साल के कार्यकाल में 40 से अधिक स्थानांतरण किए हैं . इन बदलावों के पीछे मुख्य कारण राजनेताओं के साथ उनका उलझाव है इस बीच, अब कंगना रनौत ने डी. रूपा के निलंबन की मांग को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं. डी. रूपा वर्तमान में कर्नाटक की गृह सचिव हैं . इस बीच, अब कंगना राणावत ने डी . रूपा के निलंबन की मांग को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू की हैं . डी रूपा वर्तमान में कर्नाटक की गृह सचिव हैं . वैसे डी . रूपा की फैन फॉलोइंग भी बड़ी है . हालाँकि उनके फेसबुक और ट्विटर पर अकाउंट हैं, लेकिन उनके प्रशंसकों ने कई नए पेज भी बनाए हैं . डी . रूपा को एक अनुबंध पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है जो किसी से नहीं डरती. ऐसे जांबाज अफसर पर कितने भी गलत , नाजायज छीटे उडे तो भी देश कि जनता सच का ही साथ देंगी .

## सिद्धि सुरी बनी ग्वालियर का गौरव



ग्वालियर मध्यप्रदेश की नामचीन बाल अभिनेत्री सिद्धि सुरी ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है । कहते हैं कि आजकल के बच्चें अपने हुनर के दम पर सबको टककर दे रहे हैं। इस कहावत को ग्वालियर मध्यप्रदेश की बाल कलाकार सिद्धि सुरी ने सार्थक कर दिया है। कॉरोना महामारी के चलते Drishti Entertainers की तरफ पूरे भारत देश में India's Ne&t Master Kids का प्रोग्राम आयोजित किया गया है । जिसमें देश भर के 20000 बच्चों ने हिस्सा लिया। लॉकडॉउन की वजह se कार्यक्रम के एक्टीविटीज को ऑनलाइन माध्यम से ऑडिशन, Quater final, सेमी फ़ाइनल और फाइनल आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में ग्वालियर की प्रतिभाशाली सबकी चहेती प्यारी सिद्धि सुरी Acting, Modelling and Dancing तीन श्रेणियों में फ़ाइनल विजेता रहीं । इस सफलता के लिए कार्यक्रम आयोजक - मिस्टर Babla Kathuria, Manish Kathuria , Dheeraj Vig., Mrs. India, Beauty Vig Mam को दिल की गहराइयों से धन्यवाद । जिन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित किया। साथ ही जूरी मेंबर - अभिषेक मलिक ( मॉडल , एक्टर), मिंक बरार (actor model), ( सिंगर) Bradd को धन्यवाद । उन्होंने 20000 बच्चों में से ग्वालियर मध्यप्रदेश से सिद्धि सुरी को विजेता घोषित किया । सिद्धि सुरी ने अपनी मेहनत नृत्य गुरु मां - मोनिका श्रीवास्तव जी और धीरज राठौर , फैशन डिजाइनर - शिखा स्नेहा सिंह को (स्पेशल थैंक्स) माता पिता के आशीर्वाद से यह मुकाम हासिल किया है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बोले, जीत की खुशखबरी के साथ आया हूं हिमाचल

**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का शनिवार को बिलासपुर पधारने पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप सहित प्रदेश के मंत्रीगणों, सांसदों व युवा मोर्चा के अध्यक्षों ने बिलासपुर के लुहणू मैदान में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में पुष्पगुच्छ देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिहार विधानसभा और उपचुनावों के कारण मेरा हिमाचल आना संभव नहीं हो सका, लेकिन बिहार सहित देश के 11 राज्यों में हुए उपचुनावों और उसमें भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बाद जीत की खुशखबरी के साथ हिमाचल आया हूं। मुझे आप सबसे गले मिलने का मन कर रहा है, लेकिन कोरोना संकट काल में ऐसा कर पाने में असमर्थ हूं। आपके असीम प्यार और भावनाओं के लिए आप सब को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

श्री नड्डा ने कहा कि यह आप कार्यकर्ताओं का तप है, जिसके बल पर मैं आज इतने बड़े मुकाम तक पहुंचा हूं और यह मेरा सौभाग्य है कि आप सब में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं है, जिनके साथ मुझे काम करने का अवसर नहीं मिला। परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले आप सभी कार्यकर्ताओं के साथ हिमाचल में पगडंडियों पर चला हूं और हम सब जनता के दुख-दर्द में भागीदार बने हैं। कोविड-19 लॉकडाउन के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक ओर अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए 20 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत योजना की शुरुआत की, तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने 1.70 लाख करोड़ रुपए से देश के गांव, गरीब, किसान, बुजुर्ग, महिलाओं, दलितों, शोषितों, वंचितों और प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए गरीब कल्याण योजना को भी अमलीजामा पहनाया। प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 50 हजार करोड़ की लागत से गरीब कल्याण रोजगार योजना भी शुरू की गई। कोरोना के कारण उत्पन्न स्थिति में देश का कोई गरीब भूखा न सोने पाए, इसकी चिंता करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के लगभग 80 करोड़ लोगों के लिए इस वर्ष मार्च महीने से लेकर नवंबर तक मुफ्त राशन की व्यवस्था की। कोविड-19 संकट काल के समय माननीय प्रधानमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से 20 करोड़ बहनों के खातों में पांच-पांच सौ रुपए के तीन किस्तों के रूप में 1500 रुपए उनके अकाउंट में भेजे तो बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को भी एक हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय केंद्र से एक रुपया भेजा जाता था, तो लाभार्थी तक महज 15 पैसे ही पहुंच पाते थे जिसकी स्वीकारोक्ति प्रधानमंत्री रहते हुए स्वर्गीय राजीव गांधी ने भी की थी, लेकिन मोदी सरकार में एक-एक रुपया बिना किसी बिचौलिए के सीधे लाभार्थियों के अकाउंट में पहुंचते हैं। आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में चहुंओर विकास हो रहा है।

**मोदी ने देश को दी नई दिशा, दृष्टि**-बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव पर चुटकी लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि लालू बोलते थे कि तेल पिलाओ और लाठी भांजो, लेकिन इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ते हुए देश को एक नई दृष्टि व दिशा दी है।

**नड्डा के स्वागत में भगवा रंग में रंगा लुहणू मैदान**-लुहणू मैदान में सैकड़ों की संख्या में लोग भाजपा अध्यक्ष के स्वागत के लिए पहुंचे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। जेपी नड्डा का बिलासपुर के लुहणू मैदान पहुंचने का सुबह नौ बजे का कार्यक्रम निर्धारित था, जिसके चलते भाजपा कार्यकर्ता सुबह से ही लुहणू मैदान में जुटना शुरू हो गए थे, लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष करीब 12 बजे लुहणू मैदान पहुंचे। ढोल-नगाड़ों के साथ जेपी नड्डा का स्वागत किया गया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मु यमंत्री जयराम ठाकुर सहित अन्य खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लुहणू मैदान पूरी तरह से भगवा रंग में रंगा हुआ था। हर ओर भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम ही दिखाई दे रहा था।

**एम्स में जनवरी से शुरू हो जाएगी ओपीडी**-पीजीआईएमइआर चंडीगढ़ के निदेशक डा. जगत राम ने कहा कि संस्थान में एमबीबीएस की 100 सीटें होगी और कक्षाएं इसी वर्ष दिसंबर में आरम्भ की जाएंगी। जनवरी, 2021 में ओपीडी आरंभ करने के प्रयास किए जाएंगे। एम्स में 750 बिस्तर, 183 संकाय सदस्य और 600 नर्सें होंगी।

**एम्स में अगले महीने से एमबीबीएस क्लासेज**-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शनिवार को कोठीपुरा में एम्स के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और समीक्षा भी की। इस अवसर पर पीजीआईएमइआर चंडीगढ़ के निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि संस्थान के निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। संस्थान में हिमाचल प्रदेश के लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि कोविड-19 संकट के बावजूद एम्स का निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और दिसंबर, 2021 तक इसका कार्य पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने संस्थान में इस वर्ष के दिसंबर माह तक एमबीबीएस की कक्षाएं आरंभ करने के लिए प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि इस स्वास्थ्य संस्थान के लिए हिमाचल प्रदेश के 18 चिकित्सकों का चयन हुआ है।

## सम्पादकीय

### एक और बैंक का विलय

भारत में एक और बैंक को मदद की जरूरत पड़ गई, तो कोई आश्चर्य नहीं। कुछ बैंकों का प्रबंधन इतना खराब हो रहा है कि उनकी माली हालत बहुत दुर्बल हो चुकी है। ऐसे बैंकों की सूची में नया नाम लक्ष्मी विलास बैंक का है, जिसे अब कुछ दिन भारतीय रिजर्व बैंक के भरोसे ही रहना है और एक विदेशी बैंक में विलय के साथ ही इतिहास बन जाना है। बैंक को अभी सौ साल भी नहीं हुए थे। देश के 16 राज्यों में सेवा दे रहा यह बैंक नकदी के अभाव से जूझ रहा था। उसे कम बुनियादी पूंजी के साथ ही डूबत खाते अर्थात एनपीए से भी जूझना पड़ रहा था। यह बैंक भारतीय रिजर्व बैंक की निगाह में था और रिजर्व बैंक इसे विलय के जरिए बचाने की कोशिश में लगा था। एक समस्या यह भी है कि इस बैंक के शेयरधारकों का मत रिजर्व बैंक से अलग रहा है, शेयरधारक इस बैंक को बचाना चाहते हैं, जबकि रिजर्व बैंक इसके विलय में ही सार देख रहा है। अब इस बैंक के विलय पर लगभग मुहर लग गई है, इसका विलय सिंगापुर के डीबीएस बैंक की भारतीय इकाई में होना है। यह इस मायने में ऐतिहासिक फैसला है कि भारतीय रिजर्व बैंक किसी भारतीय बैंक का विलय किसी विदेशी बैंक में कराने जा रहा है। देश के अंदर एक धारणा यह रही है कि देशी बैंकों का विलय देशी बैंकों में ही किया जाए। खासतौर पर भारतीय स्टेट बैंक के बारे में यह माना जाता है कि सरकार उसके विस्तार के पक्ष में है। ऐसे में, एक बड़ा सवाल यह जरूर उठता है कि लक्ष्मी विलास बैंक का विलय क्या भारतीय स्टेट बैंक में नहीं हो सकता था? अगर डूबते देशी बैंकों का विलय विदेशी बैंकों में करना है, तो फिर यह एक नई दिशा है, जिससे कम से कम हमारी आत्मनिर्भरता तो कतई मजबूत नहीं होती है। जब हम किसी देशी बैंक को बेचते हैं, तो केवल बैंक नहीं बेच रहे होते, बल्कि हम उसके साथ अपने एक आर्थिक आधार-समाज-विरासत को भी बेच रहे होते हैं। एक विदेशी बैंक के हाथों में हमारी किसी आर्थिक विरासत का जाना प्रशंसनीय तो कतई नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक को आखिरी वक्त तक यह कोशिश करनी चाहिए थी कि लक्ष्मी विलास बैंक का विलय अपरिहार्य हो, तो किसी देशी बैंक के भरोसे ही उसे सौंपा जाए। भारतीय रिजर्व बैंक के लिए बेहतर यही होता कि वह ऐसे बैंकों को अपने अधीन रखकर उन्हें पैरों पर खड़ा होने दे। एक पहलू यह भी है कि देश में अगर कोई वित्तीय संस्था बंद होने के कगार पर पहुंच जाती है, तो उसमें कहीं न कहीं भारतीय रिजर्व बैंक की उदासीनता की भी भूमिका होती है। अब खामियाजा कौन भुगतेगा? जिन ग्राहकों ने इस बैंक में अपना धन जमा किया है, उन्हीं पर सबसे ज्यादा मार पड़ेगी। विशेष हालात को छोड़कर वे महीने में केवल 25,000 रुपये ही अपने खातों से निकाल पाएंगे। संभव है, एक महीने बाद सिंगापुर आधारित बैंक डीबीएस के हाथों में इसकी बागडोर चली जाए। रिजर्व बैंक का यह फैसला अन्य भारतीय वित्तीय संस्थानों पर एक प्रतिकूल टिप्पणी भी है। क्या हमारे बैंकों पर भारतीय रिजर्व बैंक का भरोसा इतना कम हो गया है? क्या हमारा कोई देशी बैंक इस स्थिति में नहीं रहा कि किसी डूबते देशी बैंक को थामकर बचा ले? समस्या गंभीर है, बैंकिंग क्षेत्र की सेहत सुधारने के कदम युद्ध स्तर पर उठाने पड़ेंगे।

# बिहार जीत के बाद पहुंचे जेपी नड्डा प्रदेश सरकार के काम से खुश





**अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश**

बिहार चुनाव में जीत के बाद शनिवार को हिमाचल पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जयराम सरकार की पीठ थपथपाई। बिलासपुर के लुहणू मैदान में अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के काम पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी के लिए उनके नेतृत्व में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कई बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में अमलीजामा पहनाया जा रहा है। सीयू मसले का जिक्र किए बगैर अधीर न होने और धीरज रखने की नसीहत देते हुए कहा कि अधीरता अकसर अनचाहे नतीजों का कारण बन जाती है। शनिवार को लुहणू मैदान में पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपनी कार्यशैली से जनता का दिल जीता है। इसी का नतीजा है कि बिहार समेत कई राज्यों में हुए चुनाव में भाजपा का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के कारण ही भारत कोविड महामारी से सफलतापूर्वक लड़ रहा है, जबकि कई विकसित देश इस वायरस को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं और उनकी व्यवस्था चरमरा गई है।

देश में पहले से इसके लिए कोई तैयारी नहीं थी, लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों और समय से लिए गए निर्णयों के कारण देश में आज सुरक्षा उपकरणों, मास्क, कोविड अस्पालों और जांच सुविधाओं की कमी नहीं है। श्री नड्डा ने कहा कि हिमाचल सरकार बेहतर कार्य कर रही है और राष्ट्रीय उच्च मार्गों, एम्स व विकास के अन्य कार्यों में सरकार का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने का हिमाचल को भरपूर लाभ मिला है और प्रदेश को अनेक स्वास्थ्य संस्थान तथा अन्य विकास परियोजनाएं दी गई हैं। बिलासपुर में एम्स को लेकर विपक्ष बहुत हंगामा करता रहा, लेकिन अब विपक्षी नेताओं की आवाज बंद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों की चिंता करते हैं। उनकी कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि आज काम करने के मामले में भाजपा का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव केवल बिहार का चुनाव नहीं था, बल्कि इसके साथ-साथ मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर और तेलंगाना में भी उपचुनाव हुए थे। इससे पहले लद्दाख हिल काउंसिल के भी चुनाव संपन्न हुए थे। इन सभी चुनावों में कश्मीर से लेकर कच्छ तक और बिहार से लेकर मणिपुर तक हर जगह कमल खिला और जनता ने हमें आशीर्वाद देकर प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी में एक बार पुनः अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया।

इससे पहले अभिनंदन समारोह के मंच पर पहुंचने पर सीएम जयराम ठाकुर ने टोपी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने शॉल पहनाकर नड्डा का स्वागत किया। वहीं, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने उन्हें गदा (गुर्ज) भेंट करके सम्मानित किया। खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने जेपी नड्डा की डा. मल्लिका नड्डा को सम्मानित किया। पूरा मंत्रिमंडल, विधायक और पार्टी के पदाधिकारियों ने ग्राउंड में खड़े रहकर नड्डा के संदेश को सुना। धुंध से दो घंटे लेटः जेपी नड्डा का शनिवार सुबह 10 बजे बिलासपुर पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन घने कोहरे ने देरी कर दी। उन्हें चंडीगढ़ में ही मौसम साफ होने का इंतजार करना पड़ा। चंडीगढ़ से नड्डा व जयराम को लेकर आए हेलिकॉप्टर ने दोपहर 12.08 बजे लुहणू मैदान में लैंडिंग की। हालांकि समारोह स्थल पर लोग सुबह नौ बजे से ही पहुंचने लगे थे और नड्डा के आने तक सभी वहीं डटे रहे। यह संक्षिप्त दौरा, दोबारा जल्द आऊंगाः जेपी नड्डा ने कहा कि जब भी मुझे पूरे देश में कार्य करने का मौका मिलता है, तो हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ताओं का स्मरण करता हूं। आप सब मेरी शक्ति हैं। हम सब दिन-रात काम कर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जयराम ठाकुर सरकार को सशक्त और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा हिमाचल प्रदेश का संक्षिप्त दौरा है। पुनः विस्तृत प्रवास पर प्रदेश वापस आऊंगा और आप सबसे मिलूंगा। कार्यक्रम में पूरा मंत्रिमंडल :जेपी नड्डा के अभिनंदन समारोह की खास बात यह रही कि न तो मंच पर और न ही मैदान में कुर्सियों का प्रबंध किया गया था। नड्डा व जयराम समेत अन्य नेता मंच पर खड़े रहे।

## वीरांगना ए हिंद झलकरी बाई



22 अगस्त 1830 को धरा पर आई,
नाम पड़ा उसका झलकरी बाई।
मां जमुना थी पिता सदोबा कोली,
आगे तोपची पूरन की बनी हमजोली।
जन्म हुआ था यूपी के भोजल ग्राम,
पहचान दिलाया स्वतंत्रता संग्राम।
बेटों की तरह पालन पोषण पाया,
पूरन ने उसे लक्ष्मीबाई से मिलवाया।
घुड़सवारी तलवारबाजी की प्रशिक्षण पाई,
फिर वह सैनिक की जिम्मेवारी निभाई।
जब झांसी पर हुआ था आक्रमण,
वह था सन अट्ठारह सौ सत्तावन।
झांसी पहुंच चुका था जनरल ह्यूरोज,
साथ में थी अत्याचारी अंग्रेजी फौज।
ले रानी के रूप रण में झलकरी पड़ी कूद,
होने लगा फिर दोनों ओर से भयंकर युद्ध।
बनकर के रानी लक्ष्मीबाई की परछाई,
आक्रमणकारी गोरों के छक्के छुड़ाई।
जनरल समझता जब तक सब कुछ,
लक्ष्मीबाई कर चुकी थी झांसी से कुच।
झलकरी ने अपनों से ही धोखा खाई।
अंतिम सांस तक भारत की लाज बचाई।
देकर कुर्बानी भारत भूमि के लिए,
वीरांगना ए हिंद झलकरी बाई कहलाई।

**गोपेंद्र कु सिन्हा गौतम**
**शिक्षक और सामाजिक चिंतक**
**दाऊदनगर औरंगाबाद बिहार**

## कर लो पूर्ति जरूर

न ज्ञान का अभिमान हो,
न हो कभी गुरूर।
शुन्य हो यह जान लो,
कर लो पूर्ति जरूर।।
है कमी अब मान लो,
शीघ्रता पहचान लो।
करो गलतियां, केवल शुरुआत में,
ध्यान दो हर उस बात में,
फिर न हो, कभी ऐसी गलतियां।।
चुनौतियां है हर मैदान की,
मेहनत कर वह सब पाएगा ।
न मुड़ आधी राह पे,
फिर वही चला जाएगा ।।
है आलस्य, तो त्याग दो,
चकाचौंध को परित्याग दो।
फिर नई उषा जब आएगा,
घनघोर घटा छुप जाएगा ।।
चल पड़ो उस मार्ग पे,
सत्य की तलाश पे।
वह दिन चला आएगा,
जब हर सवाल हल कर पाएगा।।
अब न डर का शिकन,
हो चेहरे पर नूर,
करो मेहनत तुम इतना, फल मिले भरपूर।
चल पथिक अब और चल,



चलना है कुछ और दूर।।
न ज्ञान का अभिमान हो,
न हो कभी गुरूर।
शुन्य हो यह जान लो,
कर लो पूर्ति जरूर।।

**दीपक कुमार**
**मनेन्द्रगढ़, जिला**
**कोरिया, छ.ग.**

## लौट आओ



चंद सिक्कों की खनक लुभावनी लगती है, जाता है दूर देश जब कोई अपना तब अपनों की हालत गमखूवार होती है। खुशियों के पल नहीं लगते मीठे, और अनमने समय की कोई घड़ीयाँ नहीं कटती है, यादों के नश्तर चुभते है दूर बैठे रिश्ते की डोर जब बेइन्तहाँ खिंचती है। पत्नी अपने प्रियतम की एक झलक को तरसती सजे हर श्रृंगार फिर भी बेवा सी ही लगती है, तो अर्थी कभी पिता की बेटे के कँधे से वंचित भी रहती है, ये कमबखूत फासलों की सरहद कहाँ पल में पिघलती है। क्या नहीं मेरे देश में क्यूँ परदेश की प्रीत सिंचनी है, सपनों के सौदागरों को शायद इस देश की मिट्टी नहीं जँचती है। रोती माँ की दुआओं की दहलीज़ तो पार कर जाते है, अफ़सोस संघर्षो के सहरा सी दूर बसी ज़िंद में पिता के आशीष की छाँव कहाँ होती है। लौट आओ माँ के जिगर के टुकड़ों और बाप के बुढ़ापे की लाठी क्यूँ भूल गए वो स्वाद अपने देश में भी तो सरसों दा साग ते मक्के दी रोटी है।

**(भावना ठाकर,बेंगुलूरु)ŧभावु**

## बॉलीवुड! दम मारो दम



सन 1971 में प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले जी द्वारा गाया गया ÷दम मारो दम, मिट जाए ग़म, बोलो सुबह शाम हरे कृष्णा हरे राम÷ काफी प्रसिद्ध हुआ। इस गाने के लिए आदरणीया गायिका को फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर से भी नवाजा गया। जहां इस गाने में नशे का सेवन करते हुए, ईश्वर का नाम लिया गया। वहीं इसका विरोध पूरे देश में देखने के लिए मिला। भारी विरोध के बावजूद भी बॉलीवुड में ÷जय जय शिव शंकर÷, ÷फ़ैशन का जलवा÷, ÷चार बोतल वोदका÷, ÷बाबा की बूटी÷, ÷मनाली ट्रांस÷, आदि प्रसिद्ध गानों में नशों का सेवन एवं इसके बढ़ावे के लिए प्रोसहित किया जाता रहा है। भारतीय फिल्म उद्योग क्षेत्र में हर फिल्म एवं गानों की मंजूरी भारत सरकार द्वारा मिलने पर ही इसे आम जनता के सामने प्रस्तुत किया जाता है, परंतु अब सरकार की अनुमति लिए बिना ही यूट्यूब, चिंगारी, जिल्ली आदि प्रसिद्ध साइटों पर नशों को बढ़ावा देने वाली वीडियो आम मिल जाती है। सुशांत सिंह राजपूत के मृत्यु के बाद सबसे पहले रिया चक्रवाती का नाम सामने आया। जहां टीम सुशांत की आत्महत्या की गुत्थी सुलझा रही थी। वहीं यह गुत्थी उझलती हुई, बॉलीवुड में बढ़ते नशे के कारोबार की तरह इशारा करने लगी। बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता एवं अभिनेत्रियां द्वारा इस बात को स्वीकार किया कि उन द्वारा नशे का सेवन किया गया है एवं किया जा रहा है। बॉलीवुड में शुरू से नशो को बढ़ावा देने के लिए सवाल उठते रहे है। हमारे समाज में माता पिता द्वारा अपने ही बच्चों को नशो से भरपूर गानों पर डांस करने के लिए प्रोसाहित किया जाता है। भारत में आज हर दसवां व्यक्ति नशे का सेवन कर रहा है। यह अकड़ा प्राप्त करने के लिए आपको किसी की मदद नहीं लेनी पड़ेगी। हर मेडिसन में भारी मात्रा में नशे का इस्तमाल किया जाता है। हार्ट, किडनी, डिप्रेशन, अनिद्रा, जोड़ों के दर्द आदि बीमारियों के लिए लोगों को नशो से भरपूर मेडिसन का सेवन करने हेतु कहा जाता है। शायद हम भी अनजाने में इन नशों का सेवन कर रहे है। भारतीय सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा कुछ मेडिसन में मिलने वाले भिन्न भिन्न साल्टों को बैन किया गया है। मेडिकल लाइन में बीमारी से लड़ने के लिए भरी मात्रा में इसका उपयोग होता रहा है। बॉलीवुड एवं लोकल फिल्म उद्योग ने अब वेब सीरीज का दामन थाम लिया है। जहां इन उद्योगों को अपने मन मुताबिक फिल्म बनाने एवं प्रसारण करने लिए किसी भी तरह की अनुमति लेना आवश्यक नहीं। वेब सिरीज़ देखने में युवा सबसे आगे है। किसी भी एडल्ट फिल्म देखने के लिए किसी भी तरह की पाबन्दी नहीं। जहां कंपनियों द्वारा 18+ लिख कर मुख मोड़ लिया जाता है। वहीं किशोर एवं युवा इसे देखने के उत्साहित हो रहे है। फिल्म उद्योग ड्रग्स, सॉफ्ट पोर्न, आदि में अपने कदम तेजी से बढ़ाते हुए किशोरों एवं युवाओं को इस दलदल में धकेल रहा है। जहां बॉलीवुड की फिल्में परिवार संग बैठ कर देखी जाती थी, आज वहीं फिल्में बंद कमरों में देखी जाने लगी है। यूट्यूब पर गालियों से भरपूर वीडियो अपलोड की जाती है, जिन्हें हर उम्र का व्यक्ति सुन सकता है।हमें अपनों एवं बच्चों के लिए जिम्मेदार बनना होगा। हमें यह ज्ञात होना चाहिए हमारे अपने एवं बच्चे किस तरह की फिल्में एवं वीडियो देख रहे है।

**प्रतीक सक्सेना,**
**बठिंडा पंजाब।**

## काश मैं मानव ना होता

काश मैं मानव् ना होता,
तो शायद इतनी दुर्गति ना होती,
छल कपट द्वेष,
हीनता प्रभुता,
इन सब से परे होता,
कोयल सा कूकता ,
गायों से रंभाता ,
सिंह सा गरजता ,
जात और विद्वेष,
की सीमाओं को लांघ कर ,
अपने परायों की गंध से दूर,
विचरता स्वच्छंद,
कानून के मायनों से दूर,
मानव रोष से अज्ञान,
सांस्कृतिक सज्जन प्रकृति,
के ज्ञान में गोता लगाते,
प्रकृति से पाठ पढता,
बंदरों सा उछलता,
लोग कामना स्पृहा ,
से दूर, नन्हे नन्हे,
पीठ पेट पर लटके,
मासूमों को सिखाता
वात्सल्य की बातें,
हाथियों से तब सीखता,
पीठ पर वार न करना,
पर्वतों से दृढ़ प्रतिज्ञा,
नदियों से निश्चलता,
दूध से कोमलता,
सफेद झिरती वर्षा से
स्नेह , गंदी मछलियों से
चंचलता,
कंगारू से लावन्य ,
तब शायद मानव बन कर ,
सिखा पाता,पते की बात ,
जीवन के मूल्य ,संस्कार की बातें,
संवेदना , भोले ज्ञान के मायनें ,
तोतली बोली में ज्ञान के मायनें ,
निर्दोष आंखों में ज्ञान के मायने,
कोमल स्पंदित दिलों में,
प्यार की निर्झरिणी,
सामाजिकविडंबना से परे,
उड़ेल पाता प्रकृति के
ज्ञान का भंडार,
उन सब पर जो शायद मानव हैं,
काश मैं मानव ना होता?

**संजीव ठाकुर,अन्तराष्ट्रीय कवि,**
**रायपुर,छत्तीसगढ़,9009415415,**

# लेखकों और देखकों का टोटा

इन दिनों जिसे देखो, वही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर साहित्य चैनल खोले बैठा है। इसे देखकर लगता है कि हिंदी का लेखक बड़ा ही उद्यमी है और उसे अवसर मिले, तो वह नया फोर्ड, बिल गेट्स और मार्क जकरबर्ग बन सकता है। उनसे बातें करके ऐसा लगता है, जैसे आप किसी बड़े 'उद्यमी' से बात कर रहे हों, जो जल्द ही अरबपति होने वाला है। हिंदी वालों की ऐसी 'उद्यमशीलता' को देखकर मैं खुद को देर तक कोसता रहा- पचौरी के बच्चे, तू कितना मतिमंद है! आज तक उनको निरा 'उधमी' समझता रहा, उनमें छिपे 'उद्यमी' को न पहचान सका। जिन हिंदी लेखकों को तू अपढ़-कुपढ़ कहता रहा, आज वे इतने उद्यमशील नजर आते हैं कि दुनिया के उद्यमी उनका पानी भरें। जरा देख तो, अपने चैनल को एक से एक आकर्षक नाम देकर हिंदी वाला कैसे बाकी साहित्यकारों से कह रहा है, 'आइए! अपनी रचनाएं भेजिए। प्रातिभ हों या प्रतिभाहीन, सब लेखक/लेखिका बन सकते हैं। मनमाफिक कहानीकार, नाटककार, कवि, आलोचक बनिए। नाम कमाइए। मैं हूं आपका नया रूपर्ट मर्डोक, टेड टर्नर, वॉल्ट डिज्नी।' 'अब आपसे क्या छिपाऊं? मैं जब जन्मा था, तब कविता में ही रोया था। दूसरी कक्षा तक आते-आते तो मेरे मन में साहित्य के कुल्ले फूटने लगे थे। मैंने तभी संकल्प कर लिया था कि एक दिन हिंदी साहित्य की सेवा करके रहूंगा। जिस दिन मैंने उचित मंच, प्रकाशन के अभाव में हिंदी साहित्यकारों को कलपते या रॉयल्टी के लिए रोते देखा था, तभी ठान लिया था कि एक दिन ऐसा साहित्यिक मंच बनाऊंगा, जो जनतांत्रिक मूल्यों से काम करेगा, बिना भेदभाव के सबको मंच और मचान देगा। अब मैंने एक पूरा चैनल ही खोल लिया है। आप विजिट करें। लिंक भेज रहा हूं। एक बार हमारे चैनल को विजिट करके देखिए तो सही, आप कहां से कहां पहुंचते हैं। हिंदी साहित्य का एक विनीत सेवक!'हिंदी साहित्य के इतने सेवकों को देखकर पहली बार मैं हिंदी वालों की उद्यमशीलता का कायल हुआ। सोचता हूं, सौ साल पहले हिंदी में रेनेसां हुआ हो, न हुआ हो, पर अब होकर रहना है। आज हिंदी वालों ने हिंदी की खातिर एक नई चैनल क्रांति ही कर दी है। इतने चैनल खुल गए हैं कि लेखकों व देखकों का टोटा पड़ गया है।

## छठ पर्व एवं सूर्य उपासना



उगता सूर्य की पूजा
,अर्चना करने से,
सुख ,शांति, यश
मिलती है अपार।
सभी संकटों को हरण
करती है देवी,
श्रद्धालुओं के घरों में
मिलती है बहार।।
छठ पूजा में छठ देवी
को सभी पूजते हैं,
उपासना करके सूर्य
देवता को प्रसन्न करते हैं।
नदी ,तालाबों में सभी श्रद्धालुओं ने,
सब मिलकर धूमधाम से व्रत रखते।।
श्रद्धा पूर्वक छठ देवी के व्रत रखने से,
सैकड़ों यज्ञो का फल प्राप्त होता है।
घर परिवारों में सुख,समृद्धि और धन मिलता है,
निस्संतान को संतान प्राप्त होता है।।
हिंदुओं का छठ पूजा के इस महापर्व,
धूम-धाम से चार दिनों तक चलता है।
कठिन निर्जला व्रत रखते हैं श्रद्धालुओं ने,
उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होता है।।
छठ देवी के सभी खुशी से गीत गाते हैं,
गुड़ ,गेहूं के आटे, फल का ध्यान रखते हैं।
मेवा, मिष्ठान पकवान आदि बनाकर,
बारी-बारी सभी प्रसाद वितरण करते हैं।।

**स्वरचित- कविता**
**देवीदीन चंद्रवंशी**
**ग्राम बेलगांव**
**तहसील पुष्पराजगढ़**

## बंधन

क्या पता कब सांस रुक जाए
माया का भ्रम टूट जाए
सिर्फ रिश्तों का है बंधन
न जाने कब क्यों टूट जाए ।
प्यार दो दिलों की मिलन है
दो घर की समायोजन है
गर कहीं वह बिखर गया तो
सारा जीवन क्रंदन है ।
सभी चाहते हैं जीना
नहीं चाहता कोई मरना
अमर; इस जहां में है कौन
फिर मौत से क्यों है डरना ?
होगी जिसकी जितनी आयु
उसके अंदर उतनी वायु
वेदना में पल - पल जीवन
धीरे - धीरे क्षीण होती आयु ।

**ज्ञानंद चौबे**
**रेणुकूट , सोनभद्र**
**उत्तर प्रदेश**



दैनिक पुष्पांजली टुडे



## न्यूज. ब्रीफ

### चीन ने भूटान में घुसपैठ कर बसा लिया गांव



**नई दिल्ली।** भूटान ने चीन द्वारा उसकी सीमा में 2.5 किलोमीटर अंदर घुसपैठ कर गांव बसाने की खबरों का खंडन किया है। भारत में भूटान के राजदूत वेटसोप नामग्येल ने कहा कि भूटान के अंदर चीन का कोई गांव नहीं बसा है। भूटान और चीन के बीच सीमा को लेकर किसी पुनर्निर्धारण के सवाल पर नामग्येल ने कहा, सीमावर्ती मामले में वह कोई बयान नहीं देंगे। हालांकि उन्होंने माना कि भूटान और चीन के बीच सीमा वार्ता चल रही थी, जो कोरोना की महामारी के कारण धीमी पड़ गई है। दरअसल, चीन के सरकारी समाचार एजेंसी सीजीटीएन न्यूज ने पांग्डा गांव की तस्वीरों को गुरुवार को पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने कहा कि वह डोकलाम क्षेत्र था। चैनल ने कई तस्वीरें जारी की थीं, इसमें सड़क और नदी किनारे की कई बस्तियों को दिखाया गया है। पांग्डा गांव भूटान की सीमा के 2.5 किलोमीटर भीतर है और यह 2017 में भारत-चीन डोकलाम विवाद के केंद्र से महज 9 किलोमीटर दूर है। मालूम हो कि इससे पहले हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स से सनसनीखेज जानकारी सामने आई थी कि चीन ने एक और पड़ोसी देश नेपाल की सीमा पर मौजूद 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि नेपाल के नेताओं ने कहा है कि बीजिंग ने नेपाल-तिब्बत सीमा पर नेपाल की ओर की 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा जमा लिया है। हालांकि, बाद में चीन ने इस दावे को भी खारिज कर दिया था।

### उल्टियां होने पर महिला कंडक्टर ने युवक को उतारा, इलाज ना मिलने से हुई मौत

**नई दिल्ली।** केशवरायपाटन से हाल ही में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, यहां पर बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने एक युवक को इसलिए बीच रास्ते पर उतार दिया, क्योंकि उसे उल्टियां हो रही थी. वहीं, इलाज ना मिलने से युवक की बीच रास्ते में मौत हो गई। बता दें, यह मामला केशवरायपाटन से तालेड़ा जाने वाले मार्ग पर सुवांसा के पास हुआ। रोडवेज बस कंडक्टर की कथित बेपरवाही से बस में सवार खलूंदा गांव के युवक 26 साल के रामशंकर प्रजापत की मौत हो गई। वहीं, अब इस घटना से ग्रामीण काफी गुस्से में हैं। आक्रोश से भरे ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से गुस्सा जताते हुए तालेड़ा मार्ग जाम कर दिया। परिजन व ग्रामीण आरोपी कंडेक्टर पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बता दें, मृतक रमाशंकर प्रजात पांच बहनों में इकलौता भाई था। हादसे से गांव व परिवार में कोहराम मच गया है।मृतक के रिश्ते के भाई हाड़ौती प्रजापति कोटा संभाग के उपाध्यक्ष जगदीश प्रजापति ने बताया कि रामशंकर दोपहर 3 बजे गांव से मक्का लेकर बहन के घर बूंदी जा रहा था। सुवांसा से रोडवेज बस में सवार होने के थोड़ी देर बाद ही उसे उल्टी होने लगी तो बस की महिला कंडेक्टर ने गाड़ी धीमी करवाकर उसे बस से उतार दिया। मक्के का कट्टा भी उस पर ही फेंककर उसे अपने हाल पर छोड़ दिया और बस लेकर रवाना हो गए। इस घटना के थोड़ी देर बाद ही सड़क के किनारे ही उसकी मौत हो गई।

### अमेरिका के विस्कॉन्सिन में मॉल में गोलीबारी, आठ लोग घायल

**वाशिंगटन।** 21 नवंबर को अमेरिका के विस्कॉन्सिन में एक मॉल में हुई गोलीबारी में आठ लोग घायल हो गए। पुलिस विभाग ने इसकी जानकारी दी। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि वाओवातोसा पुलिस को मेफेयर मॉल में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस के घटना स्थल पर पहुंचने के दौरान हमलावर मौके पर मौजूद नहीं था। इस हमले में आठ लोग घायल हुए हैं जिसमें एक किशोर भी शामिल है। विज्ञप्ति के अनुसार पीड़ितों को चोट कैसी है इस बार में फिलहाल जानकारी नहीं मिल सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावर अंग्रेज व्यक्ति था जिसकी उम्र 20 से 39 वर्ष के बीच थी। हमले के लगभग तीन घंटे बाद वाओवातोसा पुलिस के चीफ बैरी वेबर ने एक बयान में कहा कि हमले के पीछे का मंशा का पता नहीं चल सका है। घायलों की जान बच गई है लेकिन उन्हें कितनी चोटें आयी हैं इसका पता नहीं चल सका है। उन्होंने यह भी कहा,र्‍अब मौकाए वारदात पर वह शूटर मौजूद नहीं है।र घायलों के बयानों के आधार पर पुलिस एक 20 से 30 साल के गोरे आदमी की तलाश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मॉल अभी भी एक एक्टिव क्राइम सीन है इसलिए लोग यहां से दूर ही रहें।

### बड़ी दवा कंपनियों ने लाखों डॉलर खर्च कर-के मेरे खिलाफ विज्ञापन चलाए: ट्रंप

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बड़ी दवा कंपनियों ने हाल में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव के दौरान लाखों डॉलर खर्च करके उनके खिलाफ नकारात्मक विज्ञापन चलवाए । हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व उप राष्ट्रपति एवं डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन को पेन्सिल्वेनिया, मिशिगन और विस्कोंसिन में जीत के बाद सात नवंबर को विजेता घोषित कर दिया गया था। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने तीन नवंबर को हुये चुनाव में बाइन को विजेता घोषित कर दिया था जिसे ट्रम्प ने मानने से इंकार कर दिया था। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, "प्रचार के दौरान बड़ी दवा कंपनियों ने लाखों डॉलर खर्च करके मेरे खिलाफ विज्ञापन चलाए, वैसे इसमें (चुनाव) मैं जीता हूं करीब 7.4 करोड़ मत से और आप जानते है कि हम पता लगा लेंगे। बाइडन को 306 इलेक्टोरल वोट मिले और ट्रंप के पास 232 इलेक्टोरल वोट है। व्हाइट हाउस तक की दौड़ जीतने के लिए कम से कम 270 इलेक्टोरल वोट की जरूरत होती है।

### 9वीं पास व्यक्ति खुद को बताता था सेना का मेजर

# शादी के नाम पर 17 लड़कियों को दिया झांसा, ठग लिए 6.61 करोड़

**हैदराबाद।** शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई किस्से आप सुने होंगे, लेकिन यह मामला काफी रोचक है। एक व्यक्ति ने एक नहीं, कुल 17 परिवरों को को झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। मामला आंध्र प्रदेश का है। 42 वर्ष के एक शख्स ने खुद को भारतीय सेना के मेजर बताते हुए 17 परिवारों का शादी का प्रस्ताव दिया और उनसे छह करोड़ रुपए ठग लिए। आरोपी को हैदराबाद से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस कु मुताबिक, मुदावथ श्रीनू नाइक उर्फ ??श्रीनिवास चौहान, जो प्रकाशम जिले के मुंडलामुरु मंडल के केलामपल्ली गांव का रहने वाला है, ने शादी के बहाने कथित तौर पर 17 महिलाओं को धोखा दिया। इनके परिवारों से उसने 6.61 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन डमी पिस्तौल, आर्मी की एक फर्जी आईडी कार्ड, फर्जी डिग्री (मास्टर) प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज जब्त किए। पुलिस ने उसकी तीन कारों को भी जब्त कर लिया है। पुलिस को आरोपी के पास से 85,000 रुपये नकद भी मिले। पुलिस कु मुताबिक, आरोपी सिर्फ नवीं पास है, लेकिन उसने फर्जी पीजी डिग्री बना लिया था। आरोपी? श्रीनिवास चौहान की शादी अमृता देवी से हुई थी। उससे उसका एक बेटा भी है, जो इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा है। उसका



परिवार आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में रहता है। 2014 में श्रीनिवास हैदराबाद आ गया और जवाहर नगर के सैनिकपुरी में रहने लगा। उसने अपने परिवार को बताया कि उसे भारतीय सेना में मेजर की नौकरी मिली है। परिवार के लोग श्रीनिवास की उस झूठ को नहीं पहचान सके और उसपर विश्वास कर लिया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अवैध रूप से श्रीनिवास चौहान के नाम पर एक आधार कार्ड भी बनवा लिया। उसमें उसकी जन्म तिथि 12 जुलाई 1979 के बजाय 27 अगस्त 1986 दर्ज है। पुलिस ने कहा, वह शादी सलाहकारों या अपने दोस्तों की मदद से दुल्हनों के बारे में जानकारी एकत्र करता था। इसके बाद वह आर्मी की फर्जी आईडी, फोटो और खिलौना वाले पिस्तौल के सहारे दुल्हन के परिवारवालों को यकीन दिलाता था कि वह सेना में मेजर है। लड़की वालों से बातचीत के दौरान वह बताता था कि उसने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे से स्नातक की पढ़ाई की है। वह यह भी कहता था कि भारतीय सेना के हैदराबाद रेंज में एक मेजर के रूप में उसे तैनात किया गया है। आरोपी श्रीनिवास लड़कीवालों से शादी के नाम पर पैसे भी ऐंठता था। उन पैसों से वह अपने लिए लक्जरी वस्तुओं के अलावा सैनिकपुरी में एक डुप्लेक्स के अलावा तीन कारें भी खरीदी। लेकिन शनिवार को उसके इस कारनामे का पर्दाफाश हो गया। पुलिस आयुक्त के उत्तरी क्षेत्र टास्क फोर्स ने उस समय उसे पकड़ लिया, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था।



## बेगूसराय में स्वर्ण व्यवसायी का बेटा किडनैप, अपराधियों ने एक करोड़ की मांगी फिरौती

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में बदमाशों ने दिनदहाड़े फिरौती के लिए स्वर्ण व्यवसायी के 16 वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया। मामला गढ़हरा ओपी क्षेत्र के गढ़हरा वार्ड-7 का है। बदमाशों ने क्रिकेट खेलने जा रहे स्वर्ण व्यवसायी के बेटे का अपहरण कर परिजनों से फिरौती के रूप में एक करोड़ रुपये की मांग की है। घटना को लेकर व्यवसायियों में जबरदस्त आक्रोश है। व्यवसायियों ने बाजार बंद कर विरोध जताया है। मिली जानकारी के अनुसार बारो बाजार स्थित ज्वेलरी दुकानदार मुकेश ठाकुर के लगभग 16 वर्षीय बेटा मोहित कुमार रविवार की सुबह घर से क्रिकेट की प्रैक्टिस करने निकला लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन की। काफी खोजबीन के बाद उन्होंने मोहित के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि अपहृत मोहित के मोबाइल से ही बदमाशों ने परिजन को फोन कर एक करोड़ रुपये फिरौती के रूप में मांग की। एसपी अवकाश कुमार ने फिरौती के रूप में एक करोड़ रुपये बदमाशों की ओर से मांगे जाने की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी टीम गठित की गई है। जल्द ही बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इधर, अपहरण की घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। मालूम हो कि तीन दिन पहले भी इसी क्षेत्र में अपनी नानी के यहां आए दो साल का बच्चा गायब हो गया था। बाद में उसका शव मिला था। इसको लेकर लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया था।

## संघ नहीं चाहता मुसलमान देश की राजनीति में भाग लें: असदुद्दीन ओवैसी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

हैदराबाद से सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने संघ पर हमला करते हुए कहा कि हिंदुत्व इस झूठ पर बना है कि केवल एक समुदाय के पास सभी राजनीतिक शक्ति होनी चाहिए और मुसलमानों को राजनीति में भाग लेने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। आपको बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में अच्छी-खासी मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र सीमांचल में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीत कर राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया। ओवैसी ने ट्वीट में आगे कहा है कि संसद और विधानसभाओं में हमारी अधिक उपस्थिति हिंदुत्व संघ के खिलाफ चुनौती का काम करेगी, अगर अपनी मौजूदगी कायम कर पाए तो जश्न मनाएंगे। गौरतलब है कि ओवैसी की अगुवाई में एआईएमआईएम ने 2014 में जब हैदराबाद के दारुस्लाम (पार्टी मुख्यालय) से निकलकर महाराष्ट्र की सियासत में दस्तक दी तो वह पहली बार राष्ट्रीय राजनीतिक विर्मश का हिस्सा बनी और उसे कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के लिए खतरे के तौर पर देखा जाने लगा।



### असम में हथियारबंद लुटेरों ने बैंक से लूटे 60 लाख

**नलबाड़ी।** लुटेरों ने शुक्रवार को असम के नलबाड़ी जिले में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से लगभग 60 लाख रुपये लूट लिए। घटना के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना जिला मुख्यालय नलबाड़ी से लगभग 7 किलोमीटर दूर अमायपुर में बैंक की एक शाखा में दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। नलबाड़ी के पुलिस अधीक्षक अमनजीत कौर ने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, कम से कम चार लुटेरे मोटरबाइक में आए और शाखा में घुस गए। उन्होंने शाखा प्रबंधक पर हमला किया और भागने से पहले उनसे नकदी ले ली।

## मध्य प्रदेश में दबंगों ने दो दलित भाइयों को पीटा, घर भी जलाया

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया के गोंदन थाना क्षेत्र के चरराई गांव में दर्जन भर से ज्यादा दबंगों का कहर एक दलित परिवार पर इस कदर टूटा कि देखने वालों के भी रौंगटे खड़े हो जाएं। दबंगों ने दो सगे भाइयों को बंदूकों की बट और कुल्हाड़ियों के हत्थे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जब इससे भी मन नहीं भरा तो दलित की झोपड़ी में आग लगा दी। दबंगों ने गांव में दहशत फैलाने हवाई फायर किए। दबंगों ने गांव में एक घंटे तक हुड़दंग मचाया। यह देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए और दबंगों को घेरकर उनकी तीन बाइकों को आग के हवाले कर दिया। घटना शनिवार दोपहर 2 बजे की बताई गई। जानकारी मिलने पर डायल-100 मौके पर पहुंची और घायल युवक को इंदरगढ़ अस्पताल भेजा जहां उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**5 बाइकों पर सवार होकर आए थे दबंग**-ग्राम चरराई निवासी 25 वर्षीय संदीप दोहरे ने बताया कि दो साल पहले



उसके छोटे भाई संतराम दोहरे का गांव के पवन यादव से विवाद हो गया था। जिस पर छोटे भाई संतराम ने पवन यादव पर एससी-एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कराया था। उसी प्रकरण में राजीनामा कराने का दबाव बनाने के लिए आरोपी पवन व उसके परिजन लगातार धमकी दे रहे हैं। छोटा भाई संतराम सूरत में मजदूरी पर गया है। शनिवार को संदीप और उसका भाई मैथली दोहरे अपने घर पर थे तभी दोपहर 2 बजे गांव में ही रहने वाले पवन यादव, कल्लू यादव अपने रिश्तेदार अनुज यादव, राघवेंद्र यादव और अंशुल यादव निवासी गोंदन समेत पांच बाइकों पर 12 से 15 लोगों के साथ आए। आरोपियों ने घर में घुसकर संदीप व उसके भाई को बंदूक की बट और कुल्हाड़ी के डंडे से पीट-पीटकर मरणासन कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने खपरेल घर में आग लगा दी। यही नहीं बदमाशों ने गांव में फायरिंग की। जब कारतूस खत्म हो गए तो बाइक लेकर भागने लगे। लेकिन ग्रामीणों ने घेरकर दबंगों की तीन बाइकों में आग लगा दी जबकि दो बाइक दबंग वहां से ले जाने में सफल हो गए। गोंदन पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस में घमासान के बीच ऐतिहासिक बदलाव की तैयारी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

कांग्रेस के अंदर काफी दिनों से चल रहे घमासान के बीच कांग्रेस ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव डिजिटल तरीके से होगा। इसके लिए कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के चुनाव की मतदाता सूची में शामिल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी के डेलिगेट को डिजिटल कार्ड जारी करने की तैयारी कर रही है। अध्यक्ष पद के चुनाव में करीब 1500 डेलिगेट वोट करते हैं। अध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम की जल्द घोषणा होने की उम्मीद है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए एआईसीसी डेलिगेट को पहचान पत्र देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अध्यक्ष पद के चुनाव की जिम्मेदारी संभाल रहे केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के एक सदस्य ने कहा कि इस बार आईडी डिजिटल होगा। इस कार्ड पर एक बार कोड होगा। इस



कोड को स्केन करते ही सदस्य के बारे में तमाम जानकारी स्क्रीन पर आ जाएगीं। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के लिए जल्द ही कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। सीडब्लूसी की मुहर के बाद कार्यक्रम घोषित कर दिया जाएगा। केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के एक सदस्य ने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक उम्मीदवार होगें, तो मतदान होगा। मतदान बैलेट पेपर के जरिए होगा या डिजिटल तरीके से, इस बारे में अंतिम फैसला सीडब्लूसी करेगी। चुनाव प्राधिकरण दोनों तरीके से नए अध्यक्ष का चुनाव कराने के लिए पूरी तैयारी कर चुका है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि नए साल की शुरूआत तक नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। पार्टी के नए अध्यक्ष का कार्यकाल साल 2022 तक होगा। क्योंकि, वर्ष 2017 में राहुल गांधी अध्यक्ष बने थे, पर वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी जिम्मेदारी संभाल रही है। कांग्रेस के लिए नए अध्यक्ष का चुनाव बेहद अहम है। एक के बाद एक चुनाव में हार के बाद पार्टी के अंदर असंतोष की आवाज तेज हो रही है। ऐसे में पार्टी के समक्ष चुनाव को पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक बनाने की चुनौती है ताकि आलोचकों को कोई मौका नहीं मिल पाए।



## इराक में आईएस का हमला, 6 सुरक्षाकर्मियों सहित तीन नागरिकों की मौत

**इराक।** इराक में इस्लामिक स्टेट द्वारा दोबारा हमले की खबर सामने आई है। पुलिस और एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इस्लामिक स्टेट ग्रुप द्वारा शनिवार को किए गए एक हमले में छह इराकी सुरक्षाकर्मियों और तीन नागरिकों की मौत हो गई। एक पुलिसिया सूत्र ने बताया कि सड़क के किनारे पड़े विस्फोटक से एक कार की टक्कर हो गई और इसके बाद राजधानी से लगभग 200 किलोमीटर (120 मील) की दूर स्थित घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बलों की बचाव टीम जिहादियों ने गोलियां बसरा दीं। समाचार एजेंसी एएफपी को तिकरित शहर से 50 किलोमीटर दूर जोया के मेयर मोहम्मद जिदान ने बताया कि इस हमले में तीन नागरिकों सहित, हशेद अल-शाबी के चार सदस्यों और दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले में हमलावरों के बीच से किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई खबर नहीं थी, लेकिन जिदान एजेंसी को बताया कि मारे गए लोगों के बीच, मुख्य रूप से शिया बल के जवान सुन्नी आदिवासी थे। लेकिन मेयर और पुलिस का कहना है कि हमला इस्लामिक स्टेट जिहादियों का काम था, हालांकि उनकी तरफ से अभी ऐसे किसी भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली गई है। इससे पहले राजधानी के बाहरी इलाके में बगदाद हवाई अड्डे के पास अल-राडवानिया में एक लुकआउट पोस्ट पर आईएस के हमले में 8 नवंबर को ग्यारह लोग मारे गए थे। आईएस 2014 में इराक के एक तिहाई हिस्से में फैल गया था, यह उत्तर और पश्चिम के प्रमुख शहरों को कब्जे में करके राजधानी के उपनगरों तक पहुंच गया था। इसके बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन द्वारा समर्थित तीन साल की भयंकर लड़ाई के बाद, इराक ने 2017 के अंत में आईएस को हरा दिया। इस साल इस सैन्य गठबंधन ने अपने सैनिकों को काफी नीचे खींच लिया है। इस बीच आईएस के स्लीपर सेल्स ने सुरक्षा बलों और राज्य के बुनियादी ढांचे पर, विशेष रूप से रेगिस्तानी इलाकों में, जहां सेना थोड़ी कम है, उन जगहों पर हिट-एंड-रन हमलों को लगातार जारी रखा है।

**दुनिया में कोरोना** — दुनिया में 5.78 करोड़ से ज्यादा संक्रमित, 13.76 लाख मौतें हुईं, 4.03 करोड़ लोग ठीक हुए

# डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा बेटा भी संक्रमित, रूस में एक दिन में 25 हजार केस और 467 मौतें

वॉशिंगटन ■ एजेंसी

दुनियाभर में अब तक 5.78 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इनमें 4.03 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 13.76 लाख लोगों की जान जा चुकी है। अब 1.64 करोड़ मरीज ऐसे हैं जिनका इलाज चल रहा है, अमेरिका में हालात किस कदर बिगड़ रहे हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 24 घंटे में यहां 2 हजार 15 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भी अच्छी खबर नहीं है। उनका बड़ा बेटा भी पॉजिटिव हो गया है।

राष्ट्रपति चुनाव हार चुके लेकिन कुर्सी न छोड़ने की जिद पर अड़े डोनाल्ड ट्रम्प और पत्नी मेलानिया के बाद बेटा ट्रम्प जूनियर भी पॉजिटिव पाया गया है। द गार्डियन ने यह खबर दी है। ट्रम्प के स्पोक्समैन ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा- राष्ट्रपति के बेटे ने इस हफ्ते की



शुरूआत में टेस्ट कराया था। उनकी रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। हमारे लिए यह चिंता की बात है। हालांकि, उनमें किसी तरह के लक्षण फिलहाल दिखाई नहीं दिए हैं। पिछले महीने राष्ट्रपति और उनकी पत्नी के साथ ही सबसे छोटा बेटा पॉजिटिव पाए गए थे। तब इलेक्शन कैम्पेन का आखिरी दौर चल रहा था। ट्रम्प तीन दिन में रैलियां करने लगे थे।

### और खराब होंगे हालात

अमेरिका में संक्रमितों का आंकड़ा बेहद तेजी से बढ़ रहा है। इससे भी ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि संक्रमण से मरने वालों की संख्या में भी तेज बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। 24 घंटे के दौरान यहां 2 हजार 15 मरीजों ने दम तोड़ दिया। मई के बाद एक दिन में हुई मौतों का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी द्वारा जारी डेटा में यह जानकारी दी गई है। इस बीच अमेरिका के ही कुछ जानकारों ने आशंका जताई है कि अगर अब भी आजादी के नाम पर सख्त उपायों को टाला जाता रहा तो अस्पतालों में जगह नहीं बचेगी। 24 घंटे के दौरान अमेरिका में संक्रमितों का आंकड़ा एक लाख 87 हजार और बढ़ गया। अब कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 22 लाख से ज्यादा हो चुकी है। 2 लाख 60 हजार संक्रमितों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में जनवरी में पहला मामला सामने आया था। दो हफ्ते में हर रोज यह फिगर औसतन 1.5 लाख की रफ्तार से बढ रहा है।

### रूस में एक दिन में 25 हजार केस

रूस में संक्रमितों की संख्या तेज रफ्तार से बढ़ रही है। हेल्थ मिनिस्ट्री द्वार शनिवार शाम जारी आंकड़ो के मुताबिक, 24 घंटे में 24 हजार 822 नए मामले सामने आए है। अकेले मॉस्को मे ही शनिवार को संक्रमितों की संख्या 7 हजार 168 बढ़ गई। संक्रमितों की साथ ही मरने वालों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ा। देश में शनिवार को कुल 467 लोगों की मौत हुई। रूस में कुल मिलाकर अब तक 35 हजार 778 लोगों की मौत हो चुकी है। लैटिन अमेरिकी देश मैक्सिको मे मरने वालो का आंकड़ा एक लाख हो गया है। शनिवार को देश में कुल 719 संक्रमितों ने दम तोड़ा। देश में फिलहाल करीब एक लाख 26 हजार संक्रमित हैं। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, संक्रमितों की वास्तविक संख्या इससे काफी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि दूर दराज के कई इलाकों में अब भी टेस्टिंग और दूसरी सुविधाएं नहीं हैं।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने 16 परिवारों को दी आर्थिक सहायता





**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से का3ग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज ललितपुर कॉलोनी कार्यालय में 16 परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहायता राषि कन्याओं के विवाह एवं जरूरतमंद लोगों को ईलाज के लिए दी गई। सहायता राषि प्राप्त करने वाले परिवारों में विजयवीर श्रीवास निवासी गोर्वधन कॉलोनी गोला का मंदिर, मोहन सिंह निवासी गोपालपुरा ठाठीपुर, अनिल करोसिया निवासी कृश्णपुरी मुरार, श्रीमती ज्योति गौड निवासी मदन मोहन मंदिर के पास घासमण्डी मुरार, श्रीलाल रजक निवासी सिंधिया नगर, राजेन्द्र सिंह निवासी जडेरूआ कलां मुरार, बाबूलाल निगम निवासी जडेरूआ कलां मुरार, जगदीष वाल्मिक निवासी षिवाजी नगर गली नं.1 कुम्हरपुरा, राकेष राजपूत निवासी मदन मोहन मंदिर के पास घासमण्डी मुरार, रामकुमार कन्धिया निवासी अम्बेडकर नगर कबीर आश्रम के पास नदी पार टाल मुरार, हरिविलास माहौर निवासी न्यू अषोक कॉलोनी, श्रीमती लक्ष्मी बाई राठौर निवासी नाकाचन्द्रवदनी, श्रीमती गीता गौहर निवासी चार षहर का नाका हजीरा, रूस्तम अली निवासी सिन्धी कॉलोनी तिलक नगर कम्पू, श्रीमती रामश्री जाटव निवासी नाकाचन्द्रवदनी, श्रीमती षीला मौर्य निवासी नाकाचन्द्रवदनी षामिल थे। इस मौके पर डॉ. सिकरवार ने कहा कि मैं हमेषा आप सब के बीच आपकी हरसंभव मदद करने के लिए मौजूद रहा हूँ और रहूँगा। मैंने अपने जीवन में 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' को लक्ष्य बनाकर कार्य किये हैं। आर्थिक सहायता वितरण के समय कॉग्रेस नेता अवधेष कौरव, अवध सिंह धाकरे, प्रमोद जैन, आदित्य सिंह सिकरवार, सुनील रमपुरिया, महेन्द्र षुक्ला, षरद यादव, अभय कुमार सिंह, हरेन्द्र जाटव, अखण्ड प्रताप सिंह सिकरवार, कमलेष सोनी आदि मौजूद रहे।

## बिजली कंपनी के आउटसोर्स कुशल एवं अकुशल श्रमिकों को अब अविद्युतीय दुर्घटना पर भी सहायता मिलेगी

**ग्वालियर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस फैसले के अंतर्गत उन्हें बाहरी एजेंसी का व्यक्ति मानते हुए कार्य के दौरान अपरिहार्य अविद्युतीय दुर्घटना (यथा कार्य के दौरान पोल/सीढ़ी से फिसल कर गिरना/चोट लगना/कंपनी के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने) से प्रभावित होने पर भी उन्हें विद्युत दुर्घटना में प्रभावित बाहरी व्यक्तियों के समकक्ष विद्युत दुर्घटना में मिलने वाली आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाएगी। इस फैसले के अंतर्गत यदि कोई आउटसोर्स एजेंसी का कुशल अथवा अकुशल श्रमिक कार्य के दौरान मृत हो जाता है तो उसके परिवार अथवा निकटतम वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता बिजली कंपनी द्वारा दी जाएगी। इसी प्रकार विद्युत दुर्घटना में 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत विकलांगता की अवस्था में वित्तीय सहायता के रूप में 59 हजार 100 रुपये, 60 प्रतिशत से अधिक विकलांगता पर 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# विभिन्न फर्मों से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

## एक फर्म का गोदाम सील, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की कार्रवाई

**ग्वालियर।** आम जनता को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न फर्मों से छापामार कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जाँच कराई जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को ग्वालियर शहर में विभिन्न फर्मों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जाँच के लिये राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रकार की अनियमिततायें पाए जाने पर एक फर्म का गोदाम सील बंद कर दिया है।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन श्री संजीव खेमरिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कैलादेवी मंदिर के पास कुन्दननगर महलगाँव स्थित देवगृह उद्योग का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इस फर्म के मालिक आकाश सिंघल मसाला पिसाई एवं पैकिंग करते हुए मिले। मौके पर अग्रवाल मसाला ललितपुर कॉलोनी के रैपर भी पाए गए, जिनमें पैकिंग का कार्य किया जा रहा था। साइट्रिक एसिड, मोनोसोडियम व ग्लूटोमेट के कट्टे भी इस फर्म पर रखे मिले। पूछताछ करने पर बताया गया कि यह पदार्थ पावभाजी वालों को बेचा जाता है। इस फर्म से खाद्य विभाग की टीम द्वारा मिर्ची, हल्दी व



धानिया पाउडर, एमएसजी व साइट्रिक एसिड सहित अन्य खाद्य पदार्थों के 7 नमूने लिए गए। साथ ही खाद्य पदार्थ अग्रवाल जीरावन 26 किलोग्राम, महेश जीरावन 150 किलोग्राम, मिर्च पाउडर 233 किलोग्राम, हल्दी पाउडर 233 किलोग्राम, धनिया पाउडर 12 किलोग्राम, ग्लूटामेट 23 किलोग्राम, साइट्रिक एसिड 48 किलोग्राम जब्त किया गया। इसके अलावा अमचूर 120 किलोग्राम, 60 किलोग्राम पोहा, 40 किलोग्राम जीरावन मसाला एक्सपायरी डेट एवं सड़ा गला होने के कारण नष्ट कराया गया। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन के निर्देशन में इस फर्म के गोदाम को सील बंद करने की कार्रवाई की गई। इसी तरह खाद्य विभाग की टीम ने पंचवटी कॉलोनी बहोड़ापुर स्थित फर्म श्री धनलक्ष्मी बेकर्स का निरीक्षण किया। इस फर्म पर गंदगी पाई जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम की धारा के तहत फर्म के मालिक श्री दिनेश बघेल को नोटिस दिया गया है। साथ ही इस फर्म से ताजमहल तिल्ली रस्क (टोस्ट) व मैदा के नमूने जाँच के लिये लिए गए हैं। दोनों फर्मों से लिए गए नमूने जाँच के लिये राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। इन फर्मों पर हुई कार्रवाई को जिस खाद्य सुरक्षा दल ने अंजाम दिया, उसमें श्री रवि कुमार शिवहरे व श्री लखनलाल, श्रीमती निरूपमा शर्मा, श्री आनंद शर्मा, श्री गोविंद नारायण सरगैया, श्री सतीश धाकड़, श्री सतीश शर्मा शामिल रहे।

# ग्वालियर-चम्बल संभाग की 134 नल-जल योजनाओं के लिये 137.18 करोड़ मंजूर

## ग्रामीणों को नल के जरिए मिलेगा शुद्ध पेयजल

**ग्वालियर।** ग्रामीण अंचल में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के मकसद से प्रदेश सरकार द्वारा कारगर कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण अंचल में मौजूद जल स्त्रोतों का समुचित उपयोग कर ग्रामीणों को नल-जल योजना के माध्यम से पेयजल मुहैया कराने के प्रयास सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। सरकार ने अगले तीन साल में चरणबद्ध तरीके से ग्रामीण रहवासियों को नल कनेक्शन के जरिए पेयजल मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस कड़ी में ग्वालियर-चंबल संभाग की 134 ग्रामीण नल-जल योजनाओं को सुचारू करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा 137 करोड़ 18 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई है।

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समग्र ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें ग्वालियर जिले की 66 जल संरचनायें, गुना की 22, अशोकनगर की 20 तथा भिण्ड की 26 जल संरचनायें शामिल हैं। इन जिलों के विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधोसंरचनाओं को नये सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग योजना के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्वालियर-चम्बल संभाग के ग्वालियर, गुना, अशोकनगर तथा भिण्ड जिले में 134 ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं हेतु 137 करोड़ 18 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। विभाग के मैदानी अमले द्वारा जल जीवन मिशन के मापदण्डों के अनुसार प्रकिया प्रारम्भ की जा रही है।

## एन्टी माफिया कार्रवाई के लिये दल गठित

ग्वालियर। भू-माफिया, ड्रग्स माफिया, रेत माफिया, मिलावटखोर, कॉपरेटिव व चिटफंड फ्रॉड सहित अन्य अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त लोगों व संस्थाओं के विरूद्ध अभियान बतौर कार्रवाई करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अनुविभागवार दल गठित कर दिए हैं। उन्होंने माफियाओं के खिलाफ अनुविभागवार की जाने वाली कार्रवाई की प्रतिदिन निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट अपर जिला दण्डाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने राजस्व अनुविभाग लश्कर, मुरार, झाँसी रोड़, ग्वालियर ग्रामीण, ग्वालियर सिटी, डबरा, भितरवार व घाटीगाँव के लिये अलग-अलग दल गठित करने का आदेश जारी किया है। हर दल में क्षेत्रीय एसडीएम, सीएसपी, फूड इंस्पेक्टर, ड्रग इंस्पेक्टर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, माइनिंग इंस्पेक्टर व कॉपरेटिव इंस्पेक्टर शामिल किए गए हैं। शहरी क्षेत्र के अनुविभाग में उपायुक्त नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनुविभाग में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी शामिल किया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने इन दलों के प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ अवैध कार्य करने के आदी लोगों के खिलाफ पुलिस के माध्यम से एनएसए एवं जिला बदर की कार्रवाई भी प्रस्तावित करें।

# पुलिस कंट्रोल रूम से रवाना किए कोरोना जागरूकता वाहन

**ग्वालियर।** जब तक कोरोना से बचाव के लिये वैक्सीन नहीं आती तब तक मास्क ही वैक्सीन है। एक दूसरे से दो गज की दूरी बनाए रखें

**शहर के विभिन्न चौराहों पर खड़े होकर मास्क न लगाने वालों से वसूलेंगे जुर्माना, यह संदेश भी देंगे कि मास्क ही वैक्सीन है**

और अपने हाथ लगातार साबुन से धोते रहें। साथ ही जरूरत के मुताबिक सेनेटाइजर से भी हाथों की सफाई करते रहें। इस आशय का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के लिये जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम द्वारा ग्वालियर शहर में कोविड जागरूकता वाहन चलाए जा रहे हैं। इस कड़ी में अपर कलेक्टर श्री किशोर कान्याल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डेय ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम से हरी झण्डी दिखाकर पुलिस के चार मोबाइल वाहन शहर के विभिन्न इलाकों के लिये रवाना किए।

कोविड जागरूकता वाहन शहर के विभिन्न चौराहों पर खड़े होकर लोगों को कोविड संक्रमण से बचाव के लिये जागरूक करेंगे। साथ ही मास्क लगाकर न चलने वाले लोगों से



जुर्माना भी वसूलेंगे। कोरोना जागरूकता वाहन संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कार्रवाई करेंगे। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री किशोर कान्याल ने इन वाहनों पर तैनात पुलिस बल एवं राजस्व के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानवीय दृष्टिकोंण के साथ मास्क न लगाने वाले लोगों से जुर्माना वसूलें। साथ ही जुर्माने की कार्रवाई के बाद लोगों को मास्क भी मुहैया कराएँ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डेय ने कहा कि कोरोना जागरूकता वाहन माइक के जरिए भी लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये जागरूक करते रहें। साथ ही रात्रि 10 बजे से कर्फ्यू का पालन भी कराएँ। इस अवसर पर शहर के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों एवं कोविड मोबाइल पर तैनात पुलिस कर्मियों का आपस में परिचय कराया जाए। पुलिस कंट्रोल रूम से रविवार को कोरोना जागरूकता के लिये रवाना किए गए वाहनों के अलावा नगर निगम व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा भी शहर में अलग से जागरूकता वाहन चलाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे मास्क लगाकर ही घर से निकलें। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। इस बात को मूल मंत्र बना लें कि मास्क ही कोरोना वैक्सीन है। कंट्रोल रूम से कोरोना जागरूकता वाहन रवाना करते समय एसडीएम मुरार श्री एच बी शर्मा, लश्कर श्री विनोद भार्गव, झाँसी रोड़ श्री अनिल बनवारिया व एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप तोमर तथा श्री अन्नौटिया सहित अन्य नगर पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

# कलेक्टर श्री सिंह ने किया डिजिटल म्यूजियम एवं टाउन हॉल का निरीक्षण

**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी डवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा बाड़े पर स्काउट एण्ड गाइड परिसर में बनाए गए डिजिटल म्यूजियम का रविवार को देर शाम कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने संग्रहालय में बनाई गई विभिन्न 16 गैलरियों का मुआयना किया। उन्होंने इस अवसर पर निर्देश दिए कि संग्रहालय में आने वाले सैलानियों से कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाए। खासकर सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क लगाने जैसी सावधानियों का अनिवार्य रूप से पालन करवाया जाए। इस मौके पर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने संग्रहालय के निरीक्षण के दौरान कहा संग्रहालय में ग्वालियर की प्राचीन कलाओं को जीवित करने के लिये शहर के कलाकारों को भी भागीदार बनाया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने संग्रहालय के बाद बाड़े पर स्थित टाउन हॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि टाउन हॉल में विभिन्न तरह के कॉंसर्ट आयोजित कराए जाएं।


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपु इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478